राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्ष: 35 अंक 27
मंगलवार, 06 मई, 2025

मूल्य 2 रुपए  पृष्ठ- 06  अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित  www.tarunmitra.in


तापमान
अधिकतम 37.5°C | न्यूनतम 23.5°C

**अमृत वाणी**

गलत बातों का विरोध समय पर करना चाहिए, वरना युधिष्ठिर की तरह सहन करते रहने से महाभारत जैसा बड़ा युद्ध होना तय है।

## जिंदा जलीं पति-पत्नी और 3 बेटियां

### मां से चिपका मिला बेटी का शव



**कानपुर, 5 मई।** कानपुर में रविवार रात 8 बजे एक 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में एक परिवार के 5 लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में पति-पत्नी और उनकी 3 बेटियां हैं। बिल्डिंग के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर जूता-चप्पल बनाने का कारखाना था। ऊपर के 4 फ्लोर में दो भाइयों का परिवार रहता था। आग की शुरुआत ग्राउंड फ्लोर पर कारखाने से हुई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। घर में रखे सिलेंडर, केमिकल और एसी फटने लगे। आग ने 10 से 15 मिनट में पूरी बिल्डिंग को चपेट में ले लिया। मामला चमनगंज थाना क्षेत्र के प्रेम नगर का है।

हादसे में कारोबारी मो. दानिश (45), उनकी पत्नी नाजमी सबा (42), बेटी सारा (15), सिमरा (12), इनाया (7) की जलकर मौत हो गई। दानिश और उनके परिवार का शव जिस हालत में अंदर मिला है, उसे देखकर फायर कर्मी तक रोने लगे। घर के अंदर गए अफसर ने बताया कि एक बेटी का शव मां से लिपटा हुआ मिला। ऐसा लगता है कि मां ने बेटियों को बचाने के लिए खूब कोशिश की। आग लगने के बाद दानिश अपने बुजुर्ग पिता को लेकर बाहर आ गए थे। वह पत्नी और बेटी को लेने वापस अंदर गए, लेकिन आग से बाहर नहीं आ पाए। हादसे में दानिश का पूरा परिवार खत्म हो गया। दानिश, उनकी पत्नी और 3 बेटियों की मौत हो गई। दमकल की 20 गाड़ियां पहुंचीं। रात 1.30 बजे लखनऊ से स्४त्र्न्न के जवान भी रेस्क्यू के लिए पहुंचे। आग को देखते हुए आसपास की इमारतें खाली कराई गईं। फायर फाइटर्स ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन मकान में केमिकल रखा होने की वजह से आग कंट्रोल नहीं हो पाई। दमकल टीम ने ऊपरी फ्लोर में कई जगह से दीवार तोड़कर छेद किए। फिर अंदर पानी डाला गया। करीब 5 घंटे के रेस्क्यू के बाद फायर टीम ने मां-पिता और 3 बेटियों के शव निकाले गए।

## पंजाब बॉर्डर से पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

### पीएम ने रक्षा सचिव से मुलाकात की, पाकिस्तान का दावा- भारत की रक्षा से जुड़ी वेबसाइट हैक की



**पहलगाम/नई दिल्ली, 5 मई।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ठाकुरपुर गांव में क्चस्स्न ने पाकिस्तानी नागरिक को अरेस्ट किया है। आरोपी से पास आईडी कार्ड भी मिला है। जिस पर उसकी पहचान हुसनैन लिखी है और वह गुज्जरांवाला का रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। वहीं पिछले दिनों वे एयरचीफ मार्शल एपी सिंह और नेवी चीफ दिनेश कुमार त्रिपाठी से भी मिल चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी को युद्ध की तैयारियों पर जानकारी दी। रविवार की इस मीटिंग में बताया कि एयर फोर्स हर हालात से निपटने को तैयार है। पश्चिमी सीमा पर डिफेंस नेटवर्क भी पूरी तरह एक्टिव है और राफेल भी तैयार हैं। इधर, भारत-पाकिस्तान अंतराष्ट्रीय सीमा पर BSF ने पाकिस्तानी नागरिक को अरेस्ट किया है। आरोपी की गिरफ्तारी गांव ठाकुरपुर के पास सीमा पर हुई। आरोपी से पास आईडी कार्ड भी मिला है। जिस पर उसकी पहचान हुसनैन लिखी है और वह गुज्जरांवाला का रहने वाला है। उधर पाकिस्तान ने सोमवार को एक और मिसाइल का टेस्ट किया। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि सतह से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल की रेंज 120 किलोमीटर है। इससे पहले 3 मई को पाकिस्तान ने बताया था कि हमने बैलिस्टिक मिसाइल अब्दाली का सक्सेसफुल टेस्ट किया। इस मिसाइल की रेंज 450 किमी है।

## 'लाल किला वापस दो मुगलों की बहू हूं'

### सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की खारिज, कहा- यही क्यों, ताजमहल-फतेहपुर सिकरी भी मांग लो



**नई दिल्ली, 5 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लाल किले पर कब्जे दिलाने की मांग करने वाली महिला की याचिका को खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता रजिया सुल्ताना बेगम का दावा है कि वे अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के पड़पोते मिर्जा बेदार बख्त की बीवी हैं। कानूनी उत्तराधिकारी होने के चलते रजिया ने अपनी याचिका में लाल किले को वापस लौटाने या 1857 से लेकर आज तक के लिए मुआवजा देने की मांग की थी। CJI संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत और निराधार करार दिया। कोर्ट ने सुल्ताना बेगम के वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति देने से भी इनकार कर दिया। CJI ने कहा- आप लाल किले तक ही क्यों रुकें? आगरा के किला, ताजमहल, फतेहपुर सीकरी और अन्य किलों पर भी दावा क्यों नहीं किया? इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने 13 दिसंबर 2024 को सुल्ताना बेगम की याचिका को खारिज कर दिया था। सुल्ताना बेगम ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। रजिया सुल्ताना बेगम का दावा है कि वह मुगल सल्तनत के आखिरी बादशाह बहादुर शाह जफर के पड़पोते मिर्जा बेदार बख्त की बीवी हैं। 15 अगस्त साल 1965 को उनकी शादी हुई थी, तब सुल्ताना 12 साल की थी। मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली सुल्ताना का बचपन कोलकाता में नाना के घर बिता। इन दिनों वह हावड़ा के शिवपुरी इलाके की एक बस्ती में रह रही हैं। सुल्ताना बेगम कहती हैं- मैं मुगल खानदान की बहू हूं, लेकिन लाल किले में 50 रुपए का टिकट लेकर जाती हूं। हुमायूं के मकबरे में 40 रुपए देकर जाती हूं। जबकि वो मेरे खानदान की रियासत है। मुगल कहां ले गए लूट कर, एक का नाम बता दो तो मैं सिर झुका लूंगी। कब्र खुदे या रहे, ये सरकार की जिम्मेदारी है। 20 दिसंबर, 2021 को दिल्ली हाईकोर्ट ने लाल किले पर कब्जे की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि मामला दायर करने में 150 सालों से ज्यादा की देरी हुई है। सुल्ताना बेगम ने अपनी याचिका में कहा था कि वह लाल किले की असली मालिक हैं क्योंकि उन्हें यह संपत्ति अपने पूर्वज बहादुर शाह जफर द्वितीय से विरासत में मिली थी और भारत सरकार ऐसी संपत्ति पर अवैध कब्जा कर रही है। इसके बाद दिसंबर, 2024 में सुल्ताना ने दूसरी बार याचिका दायर की। जिसे कार्यवाहक चीफ जस्टिस विभु बाखरू और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने खारिज कर दिया था। अपनी याचिका में सुल्ताना बेगम ने कहा था कि 1960 में जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने मिर्जा मुहम्मद बेदार बख्त को बहादुर शाह जफर का उत्तराधिकारी माना था और उन्हें राजनीतिक पेंशन दी थी।

## सपा मुस्लिम को सीएम फेस घोषित करे : राजभर

**लखनऊ, 5 मई।** लखनऊ में सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने कहा- समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने मुसलमान को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। कांग्रेस, सपा और बसपा ने ऐसा विकास किया कि आज मुसलमान 1 प्रतिशत भी सरकारी नौकरी में नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि सपा मुसलमानों की हितैषी पार्टी है तो 2027 के चुनाव में ष्टरू फेस किसी मुस्लिम नेता को बनाए। अगर सीएम फेस मुस्लिम नहीं हुआ तो ये मान लिया जाएगा कि समाजवादी मुसलमानों को ठगने वाली पार्टी है। उन्हें अधिकार नहीं देना चाहती है। अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर से मुलाकात की। आगामी पंचायत चुनाव और 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। ओमप्रकाश राजभर ने कहा- हमारे पास अल्पसंख्यकों से जुड़ा विभाग है। इसलिए प्रदेश भर के मुस्लिम समुदाय के लोग मुलाकात करने आते हैं।

## भाजपा सरकार का नया कारनामा 'गोबरनामा' : अखिलेश

### सरकारी भवनों में गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल पर साधा निशाना



**लखनऊ, 5 मई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को सरकारी भवनों में गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल की वकालत करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि 'गोबरनामा' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का नया कारनामा है। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, गोबरनामा' भाजपा सरकार का नया कारनामा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर भी पोस्ट की, जिसमें सरकारी भवनों में गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल की खबर छपी हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को गौ संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया था और सरकारी भवनों में गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल की वकालत की थी।मुख्यमंत्री ने रविवार को पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी किया जाए और इन पेंट संयंत्रों की संख्या बढ़ाई जाए। योगी ने कहा था कि पशुपालन और दुग्ध विकास प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है तथा यह क्षेत्र केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें आजीविका, पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की भी व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा था कि तकनीक, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देते हुए इस क्षेत्र को और सशक्त किया जाना चाहिए।

## चीन पर टैरिफ को लेकर ट्रम्प का यू-टर्न

### कहा- उसकी अर्थव्यवस्था संकट में, 20 दिन पहले यूएस ने 145%, चीन ने 125% टैरिफ लगाया था



**वॉशिंगटन,5 मई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इशारा दिया है कि वे चीन पर लगाए गए टैरिफ को कम कर सकते हैं। उन्होंने ये माना कि मौजूदा टैरिफ दरें इतनी ज्यादा हैं कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने एक-दूसरे के साथ व्यापार करना ही बंद कर दिया है। ट्रम्प ने NBC के एक शो में कहा कि किसी भी समय मैं चीन पर टैक्स घटा दूंगा, क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया गया तो उनके साथ व्यापार करना मुमकिन नहीं होगा और वे व्यापार करना चाहते हैं। ट्रम्प ने इशारा किया कि चीन की इकोनॉमी इस वक्त मुश्किल में है। वहां फैक्ट्रियों में कामकाज 2023 के बाद से सबसे बुरी हालत में है। एक्सपोर्ट के ऑर्डर भी काफी गिर गए हैं। अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत ट्रम्प ने अमेरिका में सामान बेचने वाले सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, लेकिन चीन पर टैरिफ बढ़ाते-बढ़ाते 20 अप्रैल को 145प्रतिशत तक कर दिया था। बदले में चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया था। रविवार को आए इंटरव्यू में ट्रम्प ने माना कि चीन पर टैरिफ का असर पड़ा है, फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं और बेरोजगारी काफी बढ़ गई है, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि बातचीत शुरू करने के लिए वो पहल नहीं करेंगे। ट्रम्प ने ये भी कहा कि बीजिंग की तरफ से हाल में कुछ अच्छे संकेत मिले हैं, लेकिन उन्होंने दोहराया कि अमेरिका और चीन के बीच कोई भी डील तभी होगी जब वो बराबरी की होगी। इस बीच चीन ने शुक्रवार को पहली बार संकेत दिए कि वो अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। वो अमेरिका के साथ ट्रेड डील की संभावना तलाश रहा है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका की ट्रेड बातचीत की पेशकश पर चीन विचार कर रहा है, लेकिन बातचीत तभी शुरू होगी जब ट्रम्प एकतरफा तौर पर लगाए गए टैरिफ को खत्म करेंगे।

## नशे में धुत पिता ने गोली मारकर बेटे की हत्या की, हमले में बहू घायल

**गोरखपुर, 5 मई।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक सेवानिवृत्त होमगार्ड ने पर अपने बड़े बेटे की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी और उसकी पत्नी को घायल कर दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बड़हलगंज थानाक्षेत्र के चौतीसा गांव में हुई घटना के संबंध में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी हरि नारायण यादव ने शनिवार देर रात शराब के नशे में घरेलू विवाद के दौरान अपनी लाइसेंसी बंदूक से अपने बेटे अनूप (38) पर गोली चला दी। पुलिस ने मृतक अनूप की मां विमला देवी के हवाले से बताया कि उनका (विमला का) पति अक्सर नशे में हंगामा करता था। पुलिस ने बताया कि घटना वाली रात हरि नारायण शराब के नशे में अनूप के घर पहुंचा और वहां उससे झगड़ा कर अपने घर चला गया। पुलिस के मुताबिक, हरि कुछ ही देर बाद अपनी बंदूक लेकर वापस लौटा और इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, उसने अनूप पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बीच-बचाव करने आई अनूप की पत्नी सुप्रिया (30) को भी गोली लग गई।पुलिस के मुताबिक, सुप्रिया का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जारी है। बड़हलगंज थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) चंद्रभान सिंह ने बताया कि आरोपी हरि नारायण यादव को गिरफ्तार कर लिया गया और हत्या में प्रयुक्त बंदूक और दो कारतूस जब्त कर लिये।


घर के बाहर घर जैसा आराम

**होटल वैशाली**



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087



**कंचन चौरसिया**
महिला जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

**रमेश कुमार चौरसिया**
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई  मो. 9235152444






**निदान चिकित्सा केन्द्र**
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

**डा. गुंजन यादव**
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

**डा. रोहित यादव**
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

**डा. राधेश्याम यादव**
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )

प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# पहलगाम हमले को लेकर उपजा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



बहराइच/पयागपुर। पहलगाम में हुवे आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) के पत्रकारों ने तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर श्रीवास्तव के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिला अधिकारी पयागपुर राकेश कुमार मौर्य को दिया। ज्ञापन में इस हमले का मुख्य दोषी पाकिस्तान को बताते हुए उस पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है।पयागपुर के उप जिलाधिकारी श्री मौर्य को ज्ञापन देने से पहले उपजा की बैठक हुई। बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई।उपजा के तहसील अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर श्रीवास्तव ने कहा कि पाकिस्तान अपने पालतू आतंकवादियों को भेज कर भारत के निर्दोष लोगों की हत्या कराता है।आतंकवाद की समस्या से छुटकारा पाने के लिए कड़ा जवाब दिया जाना जरूरी है।बैठक में मौजूद पत्रकारों द्वारा आतंकवादियों के खात्मे के लिए पाकिस्तान पर बड़ी सैन्य कार्यवाही की मांग की गई।बैठक के बाद उपजा के पत्रकार तहसील गए और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी राकेश कुमार मौर्य को सौंपा।इस अवसर पर पत्रकार जे.डी. पांडे, कृष्ण चंद्र शुक्ला, सर्वेश मिश्रा, अनूप मिश्रा, प्रभात पाठक, सलमान अहमद, छोटू पांडे,आनंद बिहारी शुक्ला व मंदीप जायसवाल आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन



बाराबंकी। जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि निवेशकों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो और जनपद में उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिले। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देरी अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पारदर्शी, त्वरित और एकीकृत सेवाएं प्रदान कर निवेश को बढ़ावा देना है। जनपद में इस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन से औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। बैठक में विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की गई जिसमें कुल 08 आवेदन विभिन्न विभागों के समय उपरांत लम्बित पाए गए जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल निस्तारण ने निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे पोर्टल पर नियमित लॉगइन करें और निवेशकों से संवाद बनाए रखें। जिससे कि प्रदेश स्तर से इन्वेस्ट यू0पी0 द्वारा जारी होने वाली रैंकिंग में जनपद को उत्तम स्थान प्राप्त हो सके। उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि जनपद में इस माह निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 285 आवेदनों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग, विद्युत विभाग, सहायक श्रम आयुक्त, नगर निकाय, जिला पंचायत तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण



बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शहर में विकास भवन के समीप उज्जवल नगर में स्थापित सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं जैसे चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता, विधिक परामर्श, मनोवैज्ञानिक सहायता तथा आश्रय सेवाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र में निवास कर रही महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने आवश्यकतानुसार एक और सेंटर खोलने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश संबंधित को दिए। जिलाधिकारी ने केंद्र की साफ-सफाई, रिकॉर्ड रख-रखाव, कार्यरत स्टाफ की उपस्थिति तथा सेवा की तत्परता की भी गहन समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक पीड़िता को समयबद्ध एवं मानवीय ढंग से सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित स्थान है, जहां उन्हें संकट की घड़ी में एक ही छत के नीचे समस्त आवश्यक सेवाएं मिलती हैं। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे केंद्र में नियमित रूप से निगरानी रखें एवं सुधारात्मक उपायों को शीघ्र अमल में लाएं। उन्होंने जनसामान्य से भी अपील की कि महिलाएं संकट की स्थिति में संकोच न करें और सखी सेंटर से सहायता प्राप्त करें। इस दौरान केंद्र प्रभारी ने बताया कि इस केंद्र पर वन स्टॉप सेन्टर महिला सहायता हेल्पलाइन नम्बर 181 व महिला सहायता हेल्पलाइन नंबर 1090 जो थानों के माध्यम से प्राप्त होती है समस्याग्रस्त महिलाओ की हर हरसंभव मदद की जाती है। इसी प्रकार चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 पर आने वाली शिकायतो में (0-18 वर्ष) तक के बच्चो की मदद की जाती है।निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आई0ए0एस0 तेजस के0, प्रभारी वन स्टॉप सेंटर, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस के हस्तक्षेप से टूटने से बचाया गया एक परिवार



बहराइच। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित 'परिवार परामर्श केन्द्र' द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर एक परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया गया।मालूम।हो कि आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क कर उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी।आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।समझौता कराने वाली टीम में उ0नि0 रमाशंकर मिश्र,म0का0 गिरजावती यादव,म0का0 सविता मिश्रा,म0का0 निशी त्रिवेदी,म0का0 छाया द्विवेदी व म0का0 अनन्या सिंह शामिल रहीं।

# अधिशाषी अधिकारी ने किया नगर पंचायत का औचक निरीक्षण



सिद्धौर बाराबंकी।अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सिद्धौर ,आशुतोष त्रिपाठी ने सोमवार सुबह सिद्धौर नगर पंचायत का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान अधिशाषी अधिकारी श्री त्रिपाठी ने सफाई कर्मचारियों को बेहतर ढंग से कार्य करने के सख्त निर्देश दिए।कहा कि कार्य में लापरवाही कदापि! बर्दाश्त नही की जाएगी।इस लिए नगर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए नियमित ढंग से कार्य करते रहे।खास बात यह कि अधिशाषी अधिकारी श्री त्रिपाठी सोमवार सुबह करीब सात बजे ही नगर भ्रमण को निकले पड़ें।और नगर पंचायत का जायजा लिया।वही निरीक्षण दौरान मिली शिकायतों का भी अधिशाषी अधिकारी श्री त्रिपाठी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए। सफाई ,व जल निकासी संबंधी मामले का निस्तारण कराया।व शेष के निस्तारण के लिए संबंधितों को सख्त निर्देश दिए।कि शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कराएं। निरीक्षण दौरान अधिशाषी अधिकारी श्री त्रिपाठी के साथ नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक श्रीष मिश्रा आदि रहे।

# नवीन मंडी में अवैध दुकानों के खिलाफ कार्रवाई



सिद्धार्थनगर । सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज तहसील में नवीन मंडी शाहपुर में रविवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मंडी परिसर में बनी अवैध दुकानों को ध्वस्त किया गया। प्रशासन ने 15 दिन पहले सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया था। उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई न होने पर प्रशासन ने बुलडोजर से अवैध निर्माण को गिराया। एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने कहा कि प्रशासन अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान जारी रखेगा। दोबारा अवैध कब्जा करने वालों पर विधिक कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। मंडी सचिव ओम प्रकाश के अनुसार, मंडी निदेशक के निर्देश पर पूरे प्रदेश की मंडियों से अवैध अतिक्रमण हटाया जा रहा है। प्रभावित दुकानदारों के लिए 20 नई दुकानें और 2 प्लेटफॉर्म का निर्माण होगा। इन दुकानों का आवंटन नियमानुसार प्रभावित दुकानदारों को किया जाएगा।

# बोलेरो की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

गोंडा। गोंडा के तरबगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। धौरहरा घाट मजरा रतोहिया निवासी प्रभुनाथ शुक्ल दुर्जनपुर घाट बाजार से घर लौट रहे थे।

रानीपुर पहाड़ी के पंडित पुरवा के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल प्रभुनाथ शुक्ल को ग्रामीणों ने तुरंत नवाबगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने हादसे में शामिल बोलेरो को अपने कब्जे में लेकर पुलिस को सौंप दिया है। तरबगंज थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आधार कार्ड अपडेट कैंप शुरू

गोंडा। मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री की सिफारिश पर मैनपुर गांव में आधार कार्ड अपडेट कैंप की शुरुआत हो गई है। विधायक ने 22 जनवरी को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के उप महानिदेशक को पत्र लिखकर लोहराड़ाड और मैनपुर गांव में कैंप लगाने की मांग की थी। मैनपुर के कम्पोजिट विद्यालय में सोमवार से शुरू हुआ यह कैंप 19 तारीख तक चलेगा। गोंडा आधार सेवा केंद्र के प्रबंधक विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि नया आधार कार्ड बनवाना मुफ्त है। आधार में संशोधन के लिए 40 रुपये का शुल्क लिया जा रहा है। कैंप के पहले दिन 4 नए आधार कार्ड बने। 16 आधार कार्ड में संशोधन किया गया। कैंप में आपरेटर संदीप गुप्ता, नवल किशोर और डॉ. सौरभ दूबे मौजूद रहे। लोहराड़ाड गांव में अभी तक कैंप का आयोजन नहीं हो पाया है।

# पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर राहगीरों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं देने का माध्यम बनेंगे 'ई-वे हब'

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उन्नत सुविधाओं युक्त उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार द्वारा प्रदेश में एक्सप्रेसवेज को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से युक्त करने प्रक्रिया जा रही है। देश में 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' के तौर पर प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश न केवल योगी सरकार के प्रयास से लैंड लॉक स्टेट की छवि को तोड़ रहा है बल्कि आधुनिक तकनीक, उन्नत प्रणाली और उत्तम नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। इसी कड़ी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर राहगीरों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं देने के लिए ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। हाल ही में हुई एक समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा खाका मुख्य सचिव के सामने पेश किया गया था। इसी के आधार पर प्रदेश में इन दोनों एक्सप्रेसवे पर कुल 12 ई-वे हब्स के निर्माण व विकास को पूर्ण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। यूपीडा द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कुल 4 ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कुल 40 हेक्टेयर क्षेत्र में ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाले जिलों में बांदा, हमीरपुर व जालौन में ई-वे हब के निर्माण व विकास की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रक्रिया के अंतर्गत बांदा में एक्सप्रेसवे के दाहिनी ओर 10 हेक्टेयर क्षेत्र में तथा हमीरपुर में एक्सप्रेसवे की बायीं ओर 10 हेक्टेयर क्षेत्र में ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसी प्रकार जालौन में 2 ई-वे हब्स का निर्माण एक्सप्रेसवे की दोनों तरफ क्रमशः 10-10 हेक्टेयर भूमि पर किया जाएगा।यूपीडा की कार्ययोजना के अनुसार, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 8 ई-वे हब्स का निर्माण व विकास निर्धारित किया गया है, जो कि कुल 81.89 हेक्टेयर क्षेत्र में होगा। बाराबंकी में एक्सप्रेसवे के बायीं तरफ 10 हेक्टेयर में, अमेठी में 10.12 हेक्टेयर में एक्सप्रेसवे की दाहिनी तरफ, मऊ में 10.10 हेक्टेयर में बायीं तरफ तथा गाजीपुर में 10.52 हेक्टेयर क्षेत्र में एक्सप्रेसवे पर दाहिनी तरफ ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सुल्तानपुर व आजमगढ़ में एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ 10.42, 10.58, 10.11 तथा 10.04 हेक्टेयर क्षेत्र में ई-वे हब का निर्माण किया जाएगा। खास बात यह है कि यूपीडा द्वारा तैयार की गई योजना में दोनों एक्सप्रेसवे के किनारे विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का विकास किए जाने का खाका तैयार किया गया है। इसमें एक्सप्रेसवे किनारे पेट्रोल-सीएनजी पंप, चार्जिंग स्टेशन, कॉमर्शियल स्पेसेस, पेयजल व टॉयलेट ब्लॉक्स, फूडकोर्ट व आउटलेट्स, बजट होटल, थीमपार्क तथा लॉजिस्टिक्स प्रमुख हैं। इतना ही नहीं, एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रियल व कॉमर्शियल क्षेत्रों का भी विकास किया जाएगा। इन सभी ई-वे हब को अत्याधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम का कवरेज दिया जाएगा जिससे कि एक्सप्रेसवे व आसपास के क्षेत्र की मॉनिटरिंग सुनिश्चित होगी। इसके अतिरिक्त, यहां किड्स प्लेइंग एरिया, हेल्थकेयर व एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। सभी निर्माण व विकास प्रक्रियाओं को ईपीसी मोड पर पूरा किया जाएगा।

# जिला आर्य प्रतिनिधि सभा ने किया प्रदर्शन पहलगाम घटना पर जताई नाराजगी



लखनऊ। लखनऊ में कश्मीर की आतंकी घटने के विरोध में मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा ने पहलगाम में हुए नरसंहार पर आक्रोश व्यक्त किया। हमले में शहीद होने वालों को श्रद्धांजलि दी गई। दो मिनट का मौन रख कर सभी मृतकों को याद किया। प्रदर्शन में आचार्य निष्ठा, मंत्री सुमन पांडे और आचार्य विमल आर्य समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आचार्य डॉक्टर निष्ठा ने कहा कि पहलगाम की घटना से पूरा समाज दुखी है। पूरे देश मे इस घटना का आक्रोश है। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। घटना का दिन काले अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। लोग अपने परिवार के साथ खुशियां मनाने गए थे। हंसते-खेलते परिवारों में मातम छा गया। घटना के विरोध में हम सब जमा हुए हैं।प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मांग किया कि तत्काल पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई किया जाए। आतंकवाद को मुंहतोड़ दबाव देना जरूरी हो गया है। यह वक्त बातचीत करने का नहीं है बल्कि एक्शन लेने का है। अपने ही देश में जब अपने ही लोगों पर इस तरीके का हमला होगा इससे ज्यादा अफसोसनाक कुछ और नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरा विश्व अपना लीडर मानता है। भारत देश हमेशा अमन और शांति की बात करता है। मगर जब पानी सर के ऊपर चला जाए तो चर्चा नहीं किया जाता एक्शन लिया जाता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने का वक्त आ गया है। इससे पहले जब पुलवामा हमला हुआ तो सर्जिकल स्ट्राइक करके जवाब दिया गया। अब एक बार फिर से आतंकियों ने अपना शैतानी रूप दिखाया है। दोबारा इनके ऊपर ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए कि पूरे विश्व के लिए उदाहरण बने। देश का प्रत्येक नागरिक प्रधानमंत्री और सेना के साथ है।

# साइबर जालसाजों ने ठगे 99 हजार रुपए

लखनऊ। लखनऊ के महानगर में साइबर जालसाजों ने युवक के खाते से 99 हजार रुपए निकाल लिए। पहले पैसे डेबिट होने का मैसेज भेजा। कुछ देर बाद मैसेज डिलीट हो गया। बैंक में जानकारी करने पर बिहार से पैसा निकलने का पता चला। पुलिस केस दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। फार्चुना रिवेरा ब्लू अपार्टमेंट न्यू हैदराबाद निवासी कमल कुमार सिंह ने बताया कि उनका बैंक अकाउंट इंडियन ओवरसीज बैंक की बीएसआईपी लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग पर है। वह अपना सारा लेनदेन करते हैं। कमल का कहना है कि 16 अप्रैल को रात करीब 9.31 बजे रजिस्ट्रर्ड मोबाइल नंबर पर 99 हजार रुपए कटने का मैसेज आया। अगली सुबह वो मैसेज डिलीट हो गया। अगले दिन खाते से पैसे कटने की जानकारी करने बैंक पहुंचे। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चलता है कि एकाउन्ट और मोबाइल नंबर से यूपीआई बनाकर 99 हजार ट्रान्जेक्शन किया गया है। जो पैसा बिहार बेगूसराय के रत्नाकर बैंक में क्रेडिट हुआ है। जबकि कमल अपने अकाउंट का यूपीआई में इस्तेमाल नहीं करते हैं। ठगी का पता चलने पर उन्होंने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पुलिस का कहना है कि केस दर्ज करके जांच की जा रही है।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक




लखनऊ। लखनऊ के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जनपद के विकास कार्यों और वन ट्रिलियन इकोनॉमी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने की। समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। इनमें स्वास्थ्य, विद्युत, सड़क, पेयजल और उद्योग शामिल थे। साथ ही शिक्षा, पर्यटन, श्रम एवं रोजगार और पंचायती राज विभाग के कार्यों पर भी चर्चा हुई। ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सिंचाई और कृषि विभाग से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विधायक योगेश शुक्ला, अमरेश कुमार, ओपी श्रीवास्तव और श्रीमती जयदेवी कौशल मौजूद रहे। एमएलसी मुकेश शर्मा और राम चंद्र सिंह प्रधान के साथ जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

# तहसीलदार तक पहुंचा जमीन विवाद बुजुर्ग महिला का आरोप

लखनऊ ।लखनऊ के बीकेटी तहसील क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला के घर के सामने की पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद सामने आया है।

सैरपुर गांव की रहने वाली सरजू ने तहसीलदार बीकेटी को शिकायत दी है। महिला का आरोप है कि उनके घर के सामने की जमीन पर बने शौचालय को सर्वेश कुमार यादव और उनके साथियों ने तोड़ने का प्रयास किया। सर्वेश कुमार यादव बख्शी का तालाब के पूरब गांव के रहने वाले हैं। उनके साथ बौरूमऊ के सर्वेश यादव और दुबग्गा के रामू भी शामिल हैं। शिकायत में बताया गया कि आरोपी पुलिस के जरिए धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर जमीन पर निर्माण करते पाए गए, तो फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेज देंगे। महिला का कहना है कि गांव के राम प्यारे, महादेव और गुरू प्रसाद ने सर्वेश कुमार यादव के पक्ष में बैनामा कर दिया।

तहसीलदार विजय कुमार सिंह ने इस मामले में थाना इंचार्ज को कब्जा रुकवाने के लिए पत्र लिखा है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उन्हें जातिसूचक गालियां भी देते हैं।

# भाजपा का सरोजनी नगर मंडल सम्मेलन




लखनऊ। कृष्णालोक कालोनी कानपुर रोड स्थित होटल पारस इन में भाजपा का सरोजनीनगर मंडल पदाधिकारी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही आगामी चुनावों की रणनीति पर भी मंथन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य, पूर्व सांसद रीना चौधरी और जिला सहकारी बैंक लखनऊ के चेयरमैन वीरेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव शंकर सिंह चौहान उर्फ शंकरी सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत, रमाशंकर त्रिपाठी, राजकुमार सिंह और मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत भी शामिल हुए। नगर पंचायत बँथरा के चेयरमैन रंजीत रावत, पार्षद के.एन. सिंह और पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रमोद गौतम भी उपस्थित थे। इसके अलावा पार्टी के कई पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक, शक्ति केंद्र संयोजक और बूथ अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

# मारपीट का आरोपी गिरफ्तार आरोपी पर जान से मारने का आरोप

बाराबंकी। बाराबंकी के थाना देवा पुलिस ने 5 मई 2025 को एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रवेश कुमार के रूप में हुई है। वह ग्राम लोहंजर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप है। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया एक डंडा बरामद किया गया है। प्रवेश कुमार अपने पिता हुसैनी का पुत्र है। थाना देवा पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जान से पहले की नियत समेत विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहा अभियुक्त प्रवेश कुमार को आज मुखबिर की खास सूचना पर लोहंजर गांव से गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.द्वारा तरुणमित्र हिन्दी दैनिक के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए आदर्श कुमार इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.- 55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# योगी सरकार में नलकूप हुए संरक्षित, हर खेत में पहुंचा पानी

## अयोध्या जोन में हैं 2588 नलकूप, कृषि उत्पादन को मिल रहा बढ़ावा



**अयोध्या।** योगी सरकार ने सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसानों की समृद्धि के लिए ठोस कदम उठाए हैं। राजकीय नलकूप योजना के तहत नलकूपों का संरक्षण और विस्तार किया गया है, जिससे हर खेत तक पानी पहुंच रहा है। विशेष रूप से अयोध्या जोन में इस योजना ने कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। अयोध्या जोन में 2588 नलकूपों के माध्यम से अधिक सिंचाई की जा रही है, जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके अलावा जोन में एक हजार तालाबों और पोखरों को पानी से भरने की योजना भी लागू की जा रही है। जिसके साथ ईको-फ्रेंडली प्लांटेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

योगी सरकार ने नलकूपों को संरक्षित करने के लिए व्यापक योजना लागू की है। अयोध्या जोन में 2588 नलकूप कार्यरत हैं, जो न केवल खेतों तक पानी पहुंचा रहे हैं, बल्कि कृषि उत्पादन में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इन नलकूपों के रखरखाव और मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को निर्बाध सिंचाई सुविधा मिल सके। एक नलकूप के निर्माण पर औसतन 40 लाख रुपये का खर्च आता है, लेकिन इसके दीर्घकालिक लाभों को देखते हुए यह निवेश किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा हैं। अयोध्या जोन में नलकूपों के माध्यम से सिंचाई का दायरा बढ़ा है। नलकूप विभाग के मुख्य अभियंता सीपी मौर्य ने बताया कि अयोध्या जोन में निर्धारित लक्ष्य से 12 प्रतिशत अधिक सिंचाई हो रही है। इससे न केवल फसलों की पैदावार में वृद्धि हुई है, बल्कि किसानों की आय में भी इजाफा हुआ है। धान, गेहूं, गन्ना और अन्य नकदी फसलों की खेती में पानी की उपलब्धता ने उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। सरकार का लक्ष्य है कि हर खेत तक पानी पहुंचे।

सीपी मौर्य बताते हैं कि नलकूपों के माध्यम से सिंचाई सुविधा बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बल मिला है। खेती से होने वाली आय में वृद्धि ने ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर किया है। इसके साथ ही नलकूपों को रंग रोगन के साथ रखरखाव के लिए किनारों पर कंटीले तार लगाए गए हैं। ग्रीनरी बढ़ाने के लिए पौधों को लगाने के साथ-साथ सीमेंटेड बेंच लगवाई गई हैं। एक लोहे का गेट भी लगाया गया है। वहीं अयोध्या जोन के किसानों का कहना है कि समय पर पानी की उपलब्धता ने उनकी मेहनत को दोगुना फल दिया है।

**अयोध्या जोन में कहां कितने नलकूप**

| जिला | नलकूप |
|---|---|
| अंबेडकरनगर | 550 |
| अयोध्या | 780 |
| सुल्तानपुर | 522 |
| अमेठी | 379 |
| बाराबंकी | 357 |
| कुल | 2588 |

### हल्के बादल के साथ बूंदाबांदी की संभावना

**अयोध्या।** आ0न0दे0 कृषि एवं प्रौ0वि0वि0, कुमारगंज अयोध्या के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहने एवं कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। श्री मिश्र के अनुसार सोमवार का अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री जौ सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सामान्य रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 85 व न्यूनतम 39 प्रतिशत रही। 8.0 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से दक्षिणी-पश्चिमी दिशा से हवाएं चली।

### एक प्रयास ने मलिन बस्ती में जगाई शिक्षा की अलख

**अयोध्या।** एक प्रयास-अयोध्या सामाजिक संगठन, की स्थापना अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा की गई। अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि संगठन, समाज में जागरूकता एवम शिक्षा की अलख जगाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर मलिन बस्ती के बच्चों को पाठ्य सामिग्री एवम अल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर महामंत्री अंकुर श्रीवास्तव, कोष अध्यक्ष के.सी. श्रीवास्तव, युवाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव विधिक सलाहकार नितिन गुप्ता, अभय श्रीवास्तव, अजीत प्रताप यादव, शादाब ख़ान , तनिष्क, दिलीप सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने किया रात्रि गश्त, कराया सुरक्षा का एहसास



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या एसडीएम अकबरपुर अरविंद त्रिपाठी के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुएआगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक करवाने के लिए आगामी त्यौहारों को लेकर संम्मनपुर प्रभारी निरीक्षक संम्मनपुर जयप्रकाश सिंह यादव उपनिरीक्षक राम सुमेर यादव अपनी टीम के साथ संम्मनपुर बाजार में पैदल गस्त भमण स्थानीय लोगों को सुरक्षा भरोसा दिलाया कि संम्मनपुर पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है वही प्रभारी निरीक्षक संम्मनपुर जयप्रकाश सिंह यादव ने संम्मनपुर कस्बा बाजार में लोगों से अपील की शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे वही प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह यादव ने संम्मनपुर बाजार कस्बे में संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई रोड किनारे खड़े व्यक्तियों को कड़ी फटकार लगाई कहां रोड किनारे अतिक्रमण हुआ तो होगी कार्रवाई वही प्रभारी निरीक्षक संम्मनपुर जयप्रकाश सिंह यादव ने चौराहे पर आसपास खड़े लोगों कड़ी फटकार लगाई कहां रोड किनारे फालतू खड़े मिले तो होगी कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक संम्मनपुर जयप्रकाश सिंह यादव ने संम्मनपुर बाजार जहां मौजूद लोगों से हाल-चाल पूछा यदि किसी को समस्या हो तत्काल हमको अवगत कारण यह हल्का प्रभारी या बीट प्रभारी सिपाही को प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह यादव लोगों ने लोगों से की अपील शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे अफवाहों पर ध्यान ना दें अन्यथा होगी कार्रवाई लापरवाही कतई नहीं करेंगे अन्यथा होगी कार्रवाई इस दौरान उपनिरीक्षक उपनिरीक्षक राम सुमेर यादव उपनिरीक्षक सुरेश पांडेय अतुल कुमार यादव सिपाही हेड कांस्टेबल रजनीश सिंह यादव हेड कांस्टेबल विजय यादव कन्हैया प्रसाद हमराही आदि पुलिसकर्मी हमराही मौजूद थे।

# अलग-अलग अपराध में 18 अभियुक्त गिरफ्तार





**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक महोदय श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपराध व अपराधीयों के विरूद्ध प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाँक 03.05.2025 को मु0अ0स0-93/25 धारा 69,352,351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त गजराज चौहान पुत्र गोपीनाथ चौहान निवासी बेलदहाँ थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेड़करनगर को थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार। थाना स्थानीय पर आवश्यक विधिक कार्यवाही पुर्ण करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया

इसी क्रम में 03.05.2025 को मु0अ0स0-94/25 व 95/25 धारा 191(2)/115(2)/118(1)/333/352/351(3)/324(4) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण को थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया । बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में वंशगोपाल वर्मा पुत्र स्व0 रामअछैवर वर्मा निवासी कैथवारा उम्र करीब 56 वर्ष थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, वीरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र वंशगोपाल वर्मा उम्र करीब 30 वर्ष निवासी कैथवारा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, सुरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र वंशगोपाल वर्मा उम्र करीब 28 वर्ष निवासी कैथवारा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, .राजेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र वंशगोपाल वर्मा उम्र करीब 21 वर्ष निवासी कैथवारा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, राजेश वर्मा पुत्र पतिराम वर्मा उम्र करीब 30 वर्ष निवासी कैथावारा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर सुरेश वर्मा पुत्र अगनूराम वर्मा उम्र करीब 42 वर्ष निवासी कैथवारा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, अनुराग वर्मा पुत्र रमापति वर्मा उम्र करीब 26 वर्ष निवासी खरकहिया थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर,अंकित वर्मा पुत्र रामभारत वर्मा उम्र करीब 28 वर्ष निवासी खरकहिया थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, अंकित यादव पुत्र किशन यादव उम्र करीब 22 वर्ष निवासी खरकहिया थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, अम्बुज वर्मा पुत्र रामभारत वर्मा निवासी खरकहिया थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 27 वर्ष, जियाराम वर्मा पुत्र रामनेवाज निवासी कैथवारा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, सदाराम वर्मा पुत्र स्व0 मोहनलाल वर्मा उम्र 52 वर्ष निवासी भगवानपुर गोवा मकरन्दपुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, आनन्द वर्मा पुत्र जगीराम वर्मा निवासी कैथवारा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 30 वर्ष, अमन वर्मा पुत्र रविशंकर वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी गोविन्दगणेशपुर थाना को. अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर, अंकुर वर्मा पुत्र जोखूराम वर्मा उम्र 31 वर्ष निवासी बहादुरपुर भड़सारी थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, रामजियावन वर्मा पुत्र लोदई वर्मा उम्र करीब 38 वर्ष निवासी कौथवारा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर, राकेश वर्मा पुत्र पतिराम वर्मा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी कौथवारा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर आदि शामिल हैं।

### पुलिस अधीक्षक ने बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार द्वारा एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम अम्बेडकरनगर में 42वीं अन्तर्जनपदीय लखनऊ जोन -2025 पुलिस महिला/पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता, का शुभारम्भ किया तथा विभिन्न जनपदों से प्रतिभाग कर रहे पुलिस खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं शुभकामनाएं दी।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या आदि मौजूद थे।



# सप्ताह भर से खाली पड़ी अधिशासी आधिकारी की कुसी, कार्य प्रभावित




**आलापुर (अम्बेडकरनगर)।** विधान सभा क्षेत्र आलापुर अन्तर्गत नगर पंचायत जहांगीरगंज में रिक्त पड़ी अधिशासी अधिकारी की कुर्सी पर हफ्ते भर बाद भी तैनाती नहीं हो सकी जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मालूम हो जहांगीरगंज नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी की तैनाती नहीं होने से विकास तथा अन्य कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। जहांगीरगंज में तैनात रहे अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी का अयोध्या जनपद की भदरसा नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी पद पर सप्ताह भर पूर्व स्थानांतरण हो गया था। विनय कुमार द्विवेदी ने जहांगीरगंज से कार्य मुक्त होकर भदरसा नगर पंचायत में पदभार ग्रहण कर लिया लेकिन उनके स्थान पर जहांगीरगंज में किसी भी अधिशासी अधिकारी की नवीन तैनाती नहीं हो सकी। इतना ही नहीं किसी अन्य नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार भी नहीं दिया गया है। जहांगीरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता देवी, सभासद बालगोविंद त्रिपाठी, शशिकांत दुबे मिंकी, नरेंद्र देव मिश्रा निनकू, हबीबुर्रहमान,अबूसाद, राजेश यादव, दिलीप त्यागी, सोनू कनौजिया सहित अन्य लोगों ने अविलंब जहांगीरगंज नगर पंचायत में नए अधिशासी अधिकारी की तैनाती किए जाने की मांग की है।

# पूर्व मंत्री ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का किया भ्रमण



**शुजागंज अयोध्या।** पूर्व मंत्री सै0 अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां ने रविवार को क्षेत्र के विभिन्न गांव का भ्रमण किया। पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री ने ग्राम पूरे कामगार गांव निवासी दीनानाथ प्रजापति पुत्र जगन प्रजापति आयु 24 वर्ष की मृत्यु हो गयी जिनका विवाह एक वर्ष पूर्व हुआ था। तथा इनके पिता की भी विगत फरवरी माह मे मृत्यु हो गयी थी इनकी माता बेवा गंगादेयी प्रजापति से मिलकर शोक संवेदनाएं प्रकट की एवम आर्थिक सहायता प्रदान किया। वही ऐहार गांव मे जियालाल कोरी के जवान लडके की मृत्यु की खबर मिलने पर उनके घर पहुँच कर शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदनाऐ प्रकट की तथा आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर शाह मसूद हयात गजाली, फरहान हुसेन, हुकुम सिंह यादव, गल्लू सिंह, श्रेया वर्मा, आफताब अहमद, साजिद, इकबाल आदि लोग शामिल रहे।

# चौरासीकोसी परिक्रमार्थियों ने किया रामकोट की परिक्रमा

**अयोध्या।** चौरासी कोसी परिक्रमा पूरी कर अयोध्या धाम लौटे सदगुरु कृपा मंडल के परिक्रमार्थियों ने सोमवार की सुबह पौराणिक रामकोट की परिक्रमा किया। परिक्रमा पूरी करने के बाद सभी चौरासी कोसी परिक्रमार्थी सीताकुंड जयसिंहपुर के लिए रवाना हो गए। जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे। उसके अगले दिन मंगलवार को यानी जानकी नवमी पर रामार्चा पूजन होगा। पूजन समाप्ति उपरांत हवन और संतों के विशाल भंडारे का कार्यक्रम है। फिर सभी चौरासी कोसी परिक्रमार्थियों का स्वागत-सम्मान एवं भेंट-विदाई होगा। उसके बाद चौरासी कोसी परिक्रमा का विश्राम हो जायेगा। सभी परिक्रमार्थी अपने गंतव्य को रवाना हो जायेंगे। चौरासी कोसी परिक्रमा पूरी कर मंगलवार को हजारों परिक्रमार्थियों का जत्था देर शाम मखभूमि मखौड़ा धाम बस्ती से अयोध्या लौटा। वहां परिक्रमार्थियों ने सरयू मैया का दर्शन-पूजन, आरती किया। चौरासी कोसी परिक्रमार्थी रात भर सरयू तट पर डेरा डाले रहे। जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। अगले दिन सोमवार की सुबह सभी परिक्रमार्थियों द्वारा पवित्र सरयू नदी में स्नान किया गया। तत्पश्चात परिक्रमार्थी नयाघाट से रामकोट की परिक्रमा करने नंगे पैर पैदल रवाना हुए। सीताराम और रामनाम की धुन के साथ सभी परिक्रमार्थियों ने पौराणिक रामकोट की परिक्रमा पूरी करने के बाद सीताकुंड पहुंचे। पूरे परिक्रमा पथ पर परिक्रमार्थियों ने जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष किए। सीताकुंड पर परिक्रमार्थियों ने रात्रि विश्राम किया। सुबह रामार्चा पूजन, हवन, संतों के भंडारे संग चौरासीकोसी परिक्रमा का समापन हो जायेगा। इस अवसर पर सदगुरु कृपा मंडल अयोध्याधाम चौरासीकोसी परिक्रमा के संचालक स्वामी गयाशरण महाराज ने बताया कि उन्होंने हजारों परिक्रमार्थियों संग विगत 12 अप्रैल को अयोध्या धाम से चौरासी कोसी परिक्रमा आरंभ किया था। जो मखभूमि मखौड़ा धाम बस्ती पहुंची। वहां से 5 जिलों के विभिन्न पड़ावों से होते हुए मखौड़ा धाम से अयोध्याधाम पहुंची। यहां पर सभी परिक्रमार्थियों ने सुबह रामकोट की परिक्रमा किया। उसके बाद परिक्रमा पूरी कर सीताकुंड की ओर रवाना हो गए। सीताकुंड पर परिक्रमार्थी रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन रामार्चा पूजन, हवन, भंडारा के साथ चौरासी कोसी परिक्रमा का विश्राम हो जायेगा। रामकोट परिक्रमा में हजारों परिक्रमार्थी शामिल रहे। जिन्होंने परिक्रमा कर अपना जीवन धन्य बनाया।



# नपाप टाण्डा की बोर्ड बैठक 7 को

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद टाण्डा बोर्ड की बैठक दिनांक 07.05.2025 को समय अपरान्ह 02.00 बजे नगर पालिका परिषद, के सभाकक्ष में आहूत की गयी है, जिसमे मुख्यरूप से नगर पालिका के वार्षिक मूल बजट 2025-26 मा0 बोर्ड के विचारार्थ / स्वीकृतार्थ 2-उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि% या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर नियमावली-2024 के सम्बन्ध में पूर्व बोर्ड बैठक दिनांक 27.01.2025 में पारित विशेष प्रस्ताव सं0 1 के क्रम में गठित सात सदस्यीय समिति की आख्या दिनांक 11.03.2025 मा0 बोर्ड के विचारार्थ 3-मा0 बोर्ड के 12 सदस्यों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र के माध्यम से मा0 पालिका बोर्ड की बैठक दिनांक 27.01.2025 में पारित विशेष प्रस्ताव सं0 2, 3 व 4 पर पुर्नविचार हेतु निवेदन किया गया है, मा0 बोर्ड बैठक के विचारार्थ 4-वित्तीय वर्ष 2025-26 शेष अवधि हेतु टैक्सी स्टैण्ड नीलामी की सरकारी बोली निर्धारित किये जाने पर विचार के अलावा साधारण प्रस्ताव मासिक विवरण माह जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक सूचनार्थ ।अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से होगी । साथ ही नगर क्षेत्र में विकास को लेकर लगभग 58 करोड़ का बजट भी रखा जाना है ।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइंट आधार हाउसिंग फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड शाखा फैजाबाद/अयोध्या ब्रांच आफिस मकान नं 5/17/171 प्रथम तल शक्तिनगर कालोनी देवकाली स्मार्ट बाजार के सामने फैजाबाद/अयोध्या की तरफ से सूचित किया जाता है कि सोमा देवी पत्नी रामअचल निवासी ग्राम बछड़ा सुल्तानपुर फैजाबाद जिला अयोध्या एक किता प्लाट गाटा सं 803 रकबा 1463 वर्गफुट स्थित ग्राम कुशमाहा परगना हवेली अवध जिसकी चौहद्दी पूरब प्लाट रामसुरेश आदि पश्चिम प्लाट अल्पना तिवारी, उत्तर 20 फिट रोड, दक्षिण प्लाट राधेश्याम व जान्ती देवी पुत्री रामप्यारे निवासी दर्शननगर कुशमाहा फैजाबाद से क्रय कर रहे हैं को बंधक रखने हेतु आधार हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड शाखा फैजाबाद में आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति को बंधक रखने के लिए आपत्ति है तो इस प्रकाशन के सात दिन के अंदर अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर दें अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि किसी बैंक व्यक्ति अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति को बंधक रखने में कोई आपत्ति नहीं है।

**सचिन शंकर एडवोकेट**
**शेड नं 3, सिविल कोर्ट, फैजाबाद**
**मो.-8299765176**



**अदालती नोटिस**

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान तृतीय सिविल जज सी.डि.अयोध्या

स.प्र.वाद सं0 95/1977

ता0 पेशी0 07.05.25

रामउजागिर आदि......वादीगण

बनाम

रामकृतार्थ आदि.......विपक्षीगण

बनाम-8.श्रीमती शांती देवी 9.श्रीमती चन्द्रावती 10.श्रीमती कृष्णावती 11. श्रीमती मीना देवी 12.श्रीमती विमला देवी 13.श्रीमती माया देवी वयस्क पुत्रीगण धनीराम समस्त निवासीगण ग्राम आदमपुर परगना बिड़हर तहसील आलापुर जिला अम्बेडकरनगर..........विपक्षीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 07 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 05 के 05 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय


## नाबालिक बालिका द्वारा फांसी लगाये जाने का मामला

# 5 पर मुकदमा दर्ज, 2 हिरासत में

**मुकदमे के साथ-साथ बालिका द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट की भी जांच शुरू**



**सोहावल अयोध्या।** पिलखावा के रमवापुर में प्रेम प्रसंग में नाबालिक बालिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने के मामले ने मामला तूल पकड़ लिया है, मृतका के भाई की तहरीर पर रौनाही पुलिस ने बालिका के प्रेमी सहित पांच के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रौनाही थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव के मुताबिक मृतका रीता रैदास के भाई बृजेश रैदास की तहरीर पर मृतका के प्रेमी प्रेमचंद पासी,पिता सत्रोहन, परिजन सुरेंद्र, सुरेंद्र की मां, सुरेंद्र की पत्नी, के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रभारी ने आगे बताते हुए कहा कि बड़ी बहन संगीता रैदास का जो दावा है सुसाइड नोट का उसकी जांच कराई जा रही है, सुसाइड नोट में अगर सत्यता पाई गई तो हल्का दरोगा हरे कृष्णा पर भी कार्रवाई की जाएगी। आपको बताते चलें कि मृतका की बड़ी बहन तथा ग्रामीणों ने मृतकों के द्वारा मृत्यु से पहले सुसाइड नोट लिखे जाने की बात मीडिया को बताई गई सुसाइड नोट की फोटो कॉपी भी व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराई गई उक्त सुसाइड नोट में प्रेमी प्रेमचंद सहित उनके परिजनों तथा हल्का दरोगा हरे कृष्णा का भी नाम शामिल है। पुष्टि करते हुए सीओ सदर योगेंद्र कुमार ने बताया पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।

# हनुमानगढ़ी के बाबा तुलसीदास को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**अयोध्या।** बजरंगबली की शीर्ष पीठ सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी मंदिर में हरिद्वारी पट्टी चांदनी चौक के बाबा तुलसीदास महाराज को संतों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जो हनुमानगढ़ी की हरिद्वारी पट्टी से थे और आसन के महंत रहे। सोमवार को हनुमत संस्कृत महाविद्यालय हनुमानगढ़ी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गया। सभा में हनुमानगढ़ी चारों पट्टी के नागातीतों ने साकेतवासी महंत तुलसीदास महाराज के चित्रपट पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। साथ ही उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर हनुमानगढ़ी हरिद्वारी पट्टी चांदनी चौक के महंत नागा मोहन दास ने बताया कि साकेतवासी महंत अप्रतिम प्रतिभा के धनी संत थे। जो गौ एवं संत सेवी रहे। उनके अंदर संतत्व के सारे गुण थे। वह व्यवहार कुशल रहे। सरलता तो उनमें देखते ही झलकती थी। रामनगरी के सभी संत-महंत उनका आदरपूर्वक सम्मान करते थे। उन्होंने सेवा को ही अपना धर्म माना। आजीवन सेवा ही परमोधर्मा के मार्ग पर चलते रहे। वह कई सेवा प्रकल्पों से जुड़े रहे। अपने शिष्य-अनुयायियों को भी सेवा का पाठ पढ़ाया। सेवा धर्म के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर वृहद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में पहलवान राजेश एवं मंगल पधारे हुए संत-महंतों का स्वागत-सत्कार कर भेंट, विदाई दिया। इस अवसर पर निर्वाणी अनी के श्रीमहंत मुरली दास, धर्मसम्राट श्रीमहंत ज्ञानदास महाराज के उत्तराधिकारी एवं संकटमोचन सेना अध्यक्ष संजय दास, श्रीमहंत धर्मदास, हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन श्रीमहंत प्रेमदास महाराज के प्रधान शिष्य और हनुमत संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश दास, हनुमानगढ़ी के सरपंच महंत रामकुमार दास, पहलवान राजेश दास, महंत रामकृष्ण दास, महंत बलराम दास, आचार्य सत्यदेव दास, हेमंत दास, नागा नंदराम दास, मोहित दास, मंगल दास, पहलवान मनीराम दास, उपेंद्र दास, स्वामी देवेश दास, पूर्व पार्षद पुजारी रमेश दास, कल्लू दास समेत हनुमानगढ़ी चारों पट्टी के समस्त नागातीत मौजूद रहे।

# तरुणमित्र

`मंगलवार, 06 मई 2025

संवत- 2082, वैशाख शुक्ल पक्ष.- 9


## गहरी समस्या

*वंशवाद और जातिवाद का मेल कई क्षेत्रीय और कुछ राष्ट्रीय दलों की रणनीति का केंद्र रहा है। यह देखा गया है कि ये दल जातीय समीकरणों का इस्तेमाल कर केवल सत्ता में आने का जरिया बनाते हैं, लेकिन जब प्रतिनिधित्व की बात आती है तो फैसले लेने की ताकत कुछ खास परिवारों तक ही सीमित रहती है। यह कथन भारतीय राजनीति की एक कटु सच्चाई को उजागर भी करता है। जाति-आधारित समर्थन को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करना, समाज में वास्तविक समानता और समावेश की भावना को नुकसान पहुंचाता है। यह कड़वी सच्चाई भी है कि अपनी जातियों के बल पर राजनीति करने वाले परिवारवादी दलों के लिए उनकी जातियां केवल मोलभाव के लिए हैं जिनके बल पर वह केवल अपने और अपने परिवार के सदस्यों को राजनीति में स्थापित करते हैं। नज़ीर के तौर पर मौजूदा केन्द्र और राज्य सरकार के गठबंधन दलों को ही देखें जो जाति की बात तो करते ही हैं लेकिन जब बारी आती है शीर्ष पर स्थापित होने को तो उन्हें परिवारवाद से बेहतर कुछ और नहीं सूझता है। यूपी की सत्रा से लेकर केन्द्र की सत्ता में सत्ता सुख भोगते आएं एक दल की बात करें तो कही इसी दल की मुखिया पूर्व की सत्ता में बने दल के मुखिया और उनकी पार्टी पर परिवारवाद का तोहमत मढ़ते हुए चीख चीख कर शब्दबाण छोड़ती रहीं हैं, लेकिन कालांतर में वह खुद ही परिवार से बुरी तरह से घिरी हुई है।*

*खुद उनपर और उनकी पार्टी पर पति-पत्नी की पार्टी होने का आरोप लगते आएं हैं। भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन इसमें कुछ ऐसी संरचनात्मक कमजोरियां हैं जो इसकी जड़ों को कमजोर करती हैं। उनमें से दो प्रमुख समस्याएं हैं जातिवाद और परिवारवाद और जब ये दोनों एक साथ जुड़ते हैं, तो राजनीति केवल सत्ता का खेल बनकर रह जाती है, जनता की सेवा का माध्यम नहीं। दरअसल, जाति एक सामाजिक व्यवस्था थी, जो अब राजनीतिक अस्त्र बन चुकी है। अनेक राजनीतिक दल जातिगत आधार पर टिकट बांटते हैं, सरकार बनाते हैं और गठबंधन तय करते हैं। इसके पीछे तर्क यह होता है कि कोई खास जाति उनके कोर वोटर हैं। इस रणनीति का उपयोग कर नेता सत्ता तक तो पहुंचते हैं, लेकिन उस जाति के सामान्य लोगों को इससे क्या लाभ होता है यह एक बड़ा सवाल है। राजनीतिक दलों के लिए जातियां एक मोलभाव का उपकरण बन गई हैं। वे चुनाव से पहले अपने भाषणों में जातियों का खूब सम्मान करते हैं, उनके नेताओं को महत्व देते हैं, और भावनात्मक अपील करते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वही जातियां हाशिए पर चली जाती हैं, और सत्ता में भागीदारी केवल खास परिवारों तक सिमट जाती है।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- आज दिन 2/02 बजे तक समय असंतोषजनक, आर्थिक कठिनाइयां, शारीरिक कष्ट, आपसी तनाव, शेष समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति का प्रयास, व्यापारिक लाभ।

**वृषभ**- आज दिन 2/02 बजे तक दिनमान अनुकूल, अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, अकल्पित लाभ, शेष समय व्यवधानकारक, समस्याओं से चिन्तित, धनहानि।

**मिथुन**- व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा से मन प्रसन्न।

**कर्क**- नवीन कार्यों में संतोषजनक सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का लाभ, राजनैतिक गतिविधियों में संलग्नता, राजकीय पक्ष से लाभ, मौजमस्ती में व्यय।

**सिंह**- आज दिन 2/02 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, कार्यों में अड़चनें, सहयोगियों से विवाद संभव, शत्रु से हानि, शेष समय में पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, मन प्रसन्न।

**कन्या**- आज दिन 2/02 बजे तक अनुकूलता, नवीन योजना का श्रीगणेश, मनो-विनोद के अवसर, शेष समय में प्रगति में बाधा, इच्छित योजना अधूरी, मानसिक तनाव।

**तुला**- समझदारी से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ।

**वृश्चिक**- विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, आरोग्य सुख, लाभ का सुयोग, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक।

**धनु**- आज दिन 2/02 बजे तक समय अव्यवस्थित, समस्या से चिन्तित, शत्रु सक्रिय, शेष समय में स्वास्थ्य सुधार पर, तनाव में कमी, लाभ का मार्ग प्रशस्त, यात्रा सार्थक।

**मकर**- आज दिन 2/02 बजे तक समय अनुकूल, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजना साकार, लक्ष्य की प्राप्ति, शेष समय में व्यर्थ भ्रमण, शंका-कुशंका प्रभावी, जोखिम से हानि।

**कुंभ**- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजनीतिक लाभ का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर सुलभ, भाग्योन्नति के सुअवसर।

**मीन**- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, आरोग्य सुख की प्राप्ति।

**-: श्री विमल जैन :-**

**हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722**

# भारत ने पाकिस्तान को आर्थिक घेराबंदी कर दिया तगड़ा झटका

वैश्विक स्तरपर जिस तरह पहलगाम घटना पर भारत को समर्थन व सहानुभूति तथा आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में साथ मिल रहा है, तो मेरा मानना है कि उसे रणनीतिक स्ट्रेटजे़सी बनाना बेहतरविकल्प हो सकता है,जो हम वर्तमान में देख रहे हैं। पहले सिंधु जल समझौता वीजा बंद, एंट्री बंद, एयर स्पेस बंद, वाघा बॉर्डर बंद सहित कई कदमों के बाद अब दिनांक 2 मई 2025 सेपाकिस्तान से आयात-निर्यात पर पाबंदी, बंदरगाहों में नो एंट्री, डाक पार्सल सेवाएं निलंबित, अनेक पाबंदियो सहित कुछ और तगड़े झटके दिए गए हैं, जो सटीक रणनीति का हिस्सा हो सकता है। यानें पाक़ को अनेकों तरफों से घेर कर अंतरराष्ट्रीय समर्थन व उन्हें विश्वास में लेकर फिर सर्जिकल स्ट्राइक, तीनों अंगों की कार्रवाई से पाक को पटकनीं देना अधिक बेहतर होगा भारत में बड़े बुजुर्गों का भी कहना है पतंग को आसमान में काटना है तो धागे मजे को पहले डील दो फिर टाइट कर खींचे तो पेच लड़ाने वाले की पतंग झट से कट जाएगी बड़े बुजुर्गों की एक और बात याद आती है कि दुश्मन को सटीक पूरी तरह जमींदार रोज करना है तो पहले उसकी जड़े काटो तो उसे धराशाही करने में समय नहीं लगेगा ठीक वैसे ही रणनीति भारत

**पाक पर रणनीति से आर्थिक, सामाजिक, अंतर्राष्ट्रीय थू थू रूपी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक व सेना के तीनों अंगों की कार्यवाही एक बेहतर विकल्प हो सकता है?**

की चल रही है, यानें मेरा मानना है कि इस बीच भारत की संभावित रणनीति के अनुसार अपराध को अंजाम देने में अपराधियों के समर्थकों, योजनाकारों, आकाओं के खिलाफ भी रणनीति बनाकर उन्हें बिल से बाहर निकालने की कोशिश में है। चूँकि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है, अपराधियों समर्थकों योजनाकारों के खिलाफ कड़ी व निर्णयात्मक कार्रवाई की प्रतिबद्धता को क्रियान्वयन करने का उचित असम आ गया है, तथा पाक पर राजनीति से आर्थिक सामाजिक, अर्थव्यवस्था हमला, अंतरराष्ट्रीय थूथूर रूपी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक सेना के तीनों अंगों की कार्रवाई एक बेहतर विकल्प हो सकता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत नें पाकिस्तान पर आर्थिक घेराबंदी कर तगड़ा झटका दिया, भारत आयात निर्यात पाबंदी, बंदरगाहों में नो एंट्री, डाक पार्सल सेवाएं निलंबित। साथियों बात अगर हम भारत द्वारा पाक को तगड़ा आर्थिक झटका देने की करें तो, वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, भारत ने पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के डायरेक्ट या इनडायरेक्ट आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है, विदेश व्यापार नीति 2023 में इस संबंध में एक प्रावधान जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान से आने वाले या निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के डायरेक्ट या इनडायरेक्ट आयात पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। यह 2 मई की अधिसूचना में जानकारी दी गई है,जो भारत ने पाकिस्तान को एक और तगड़ा झटका दिया है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है, भारत ने जैसे ही सिंधु जल संधि रद्द किया तो पहले उनके नेताओं ने जमकर गीदड़भभकी दी, मगर, बात नहीं बनी तो पश्चिमी देशों के शरण में पहुंचे और फिर भी बात नहीं बनी तो यूएन में इसका मुद्दा उठाया है, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत ने इसे वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए खतरा बताया है, साथ ही उन्होंने भारत के खिलाफ गीदड़भभकी भी दी, पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को हर तरफ से घेरने की तैयारी चल रही है, न केवल अटैक से बल्कि कूटनीति से भी पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद करने की तैयारी चल रहा है, इसी क्रम में विदेश मंत्री ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ के अपने समकक्ष से बात की, उन्होंने पहलगाम पाकिस्तानी आतंकियों की हिंदुओं के खिलाफ बर्बरता की जानकारी दी, यूरोपीय संघ ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद से संयम दिखाने की बात कही। साथ ही, पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित जवाबी कार्रवाई के बारे में अटकलों के बीच तनाव को कम करने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाने पर जोर दिया, यूरोपिय संघ की प्रतिक्रिया अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा दोनों देशों से पहलगाम आतंकी हमले को लेकर तनाव कम करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह करने के दो दिन बाद आया है। बता दें बंदरगाह पर पाकिस्तानी जहाजों को भी किया बैन वहीं एक और आदेश में मर्चेंट शिपिंग एक्ट, 1958 की धारा 411 के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत सरकार के शिपिंग महानिदेशालय ने पाकिस्तान के झंडे वाले जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने से प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है, इसके साथ ही, भारतीय झंडे वाले जहाजों को पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर जाने से




प्रतिबंधित कर दिया गया है। राष्ट्रीय हित में और भारतीय समुद्री संपत्तियों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए जारी यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और अगली सूचना तक लागू रहेगा, इस आदेश का उद्देश्य मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान से अब कोई भी चिट्ठी भारत नहीं आ पाएगी, सरकार ने पाक पर एक और वार किया है, जिसका बड़ा असर देखने को मिल सकता है, भारत सरकार ने पाकिस्तान से आने वाली सभी श्रेणियों की इनबाउंड डाक और पार्सल सेवाओं को फिलहाल के लिए निलंबित करने का बड़ा फैसला लिया है, ये निलंबन हवाई और ज़मीनी दोनों मार्गों से लागू होगा।यानें अब पाकिस्तान से कोई भी चिट्ठी, पार्सल या कोरियर भारत नहीं भेजा जा सकेगा चाहे वो एयर रूट हो या सरफेस रूट से हो। साथियों बात अगर हम भारत-पाकिस्तान द्वारा आपस में आयात निर्यात व्यवहार को समझने की करें तो, भारत से क्या-क्या चीजें जाती थीं पाकिस्तान? दोनों देशों के बीच व्यापार प्रतिबंध होने से पहले भारत मुख्य रूप से कपास, केमिकल, फूड प्रोडक्ट्स, दवाइयां और मसाले निर्यात करता था, इसके अलावा, चाय, कॉफी, रंग, प्याज, टमाटर, लोहा, इस्पात, चीनी, नमक और ऑटो पार्ट्स जैसी चीजें भी तीसरे देशों के माध्यम से भेजता था, पाकिस्तान से भारत क्या आता था? पहले सीमेंट, जिप्सम फल, तांबा, और नमक जैसे उत्पाद आयात होते थे, पाकिस्तान क्या भेजता है भारत? भारत पाकिस्तान से कई चीजें आयात करता है। इसमें ड्राई फ्रूट्स, तरबूज और अन्य फल, सीमेंट, सेंधा नमक, पत्थर, चूना, मुल्तानी मिट्टी, चश्मों का ऑप्टिकल्स, कॉटन, स्टील, कार्बनिक केमिकल्स, चमड़े का सामान आदि शामिल हैं। पाकिस्तान से आयात बैन होने के कारण अब वहां से न तो ड्राई फ्रूट्स आएंगे और न सेंधा नमक। भारत में सेंधा नमक का इस्तेमाल व्रत के समय काफी मात्रा में किया जाता है। लेकिन 2019 के बाद आयात लगभग शून्य हो गया, 2024 में पाकिस्तान से भारत का आयात मात्र 48 लाख डॉलर रहा, यह सिर्फ जरूरी चीजें जैसे सेंधा नमक और मुल्तानी मिट्टी ही मंगाता था, अब यह भी पूरी तरह से बंद होजाएगा भारत-पाकिस्तान के बीच डायरेक्ट ट्रेड पुलवामा अटैक से पहले 2008 -2018 के बीच जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पार लगभग 7,500 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था, जिससे 1.7 लाख दिनों और 66.4 करोड़ रुपये का रेवेन्यू जनरेट हुए. हालांकि, 2019 में भारत ने इस मार्ग को भी बंद कर दिया, क्योंकि खुफिया रिपोर्टों में अवैध हथियार, जाली नोट और नशीले चीजों की तस्करी की आशंका जताई गई थी। साल 2024 में इनडायरेक्ट ट्रेड 2024 में दोनों देशों के बीच, इनडायरेक्ट ट्रेड 1.21 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) से अधिक रहा, जो 2018 के 2.35 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर से कम है। भारत का एक्सपोर्ट ज्यादा रहा है, जबकि पाकिस्तान से आयात ना के बराबर है। भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार पर पूरी तरह बैन लग गया है। दोनों देश अब एक-दूसरे के साथ किसी भी तरह का व्यापार नहीं होगा। साथियों बात अगर हम पहलगाम मुद्दे पर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मुलाकातों के अपडेट ही करें तो भारत-पाकिस्तान में जारी तनाव को लेकर विदेश मंत्री ने शनिवार को अपने रूसी समकक्ष से बात की दोनों नेताओं ने रूस-भारत सहयोग के सामयिक मुद्दों पर भी चर्चा की। 22 अप्रैल को जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों में जंग की नौबत आ गई है,भारतने इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है, लेकिन इस्लामाबाद ने साफ इनकार कर दिया और अस संबंध में भारत से सबूत मांगे हैं। जर्मनी के म्यूनिख में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन किया गया, भारतीय समुदाय के विरोध प्रदर्शन में जर्मन सांसद और म्यूनिख सिटी काउंसलर ने भी आतंकवाद के खिलाफ हिस्सा लिया। इस विरोध प्रदर्शन में करीब 700 लोग शामिल हुए। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली मे पीएम से मुलाकात की तथा पिछले हफ्ते पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले समेत विभिन्न मुद्दों पर उनके साथ चर्चा की। प्रेस में है जानकारी आई उन्होंने बताया कि पीएम के आवास पर दोनों नेताओं के बीच यह बैठक करीब आधे घंटे चली। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमला होने के बाद से यह दोनों नेताओं के बीच पहली मुलाकात है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। अत: अगर हम उपयोग पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किभारत नें पाकिस्तान को आर्थिक घेराबंदी कर तगड़ा झटका दिया-आयात निर्यात पाबंदी, बंदरगाहों में नो एंट्री डाक पार्सल सेवाएं

**आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा- अपराधियों, समर्थकों, योजनाक़ारों केखिलाफ़ कठोर निर्यात्मक कार्रवाई की प्रतिबद्धता को क्रियान्वयन का उचित समय आया।**

निलंबित।पाक पर रणनीति से आर्थिक, सामाजिक, अंतर्राष्ट्रीय थू थू रूपी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक व सेना के तीनों अंगों की कार्यवाही एक बेहतर विकल्प हो सकता है? आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा- अपराधियों, समर्थकों, योजनाक़ारों के खिलाफ़ कठोर निर्यात्मक कार्रवाई की प्रतिबद्धता को क्रियान्वयन का उचित समय आया।



**संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र 9284141425**

# वैश्विक शांति में आतंकवाद एक बड़ा अवरोध

समग्र रूप से वैश्विक स्तर पर देखें तो आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर बन चुका है। भारत में पहलगाम घटना को लिया जाए तो निर्दोष 27 भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या इसका एक बड़ा उदाहरण है वैश्विक परिपेक्ष में देखें तो वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद बहुत बड़ा अवरोध और बड़ी रुकावट है इसका स्थाई समाधान निकाला जाना चाहिए अन्यथा मानवता कराहने लगेगी और ऐसे ही निर्दोष मासूम नागरिकों की हत्या होती रहेगी इनके विरुद्ध कडे से कड़ा कदम उठाकर इनकी जड़े ही खत्म कर देनी चाहिए और आतंकवादियों को चुन चुन कर मारा जाना चाहिए। इसराइल हमास युद्ध किसकी एक बड़ी कड़ी है और अब भारत सरकार भी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के साथ उनके पालनहारों को भी खत्म करने में लगी हुई है।

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट, हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलत: धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलत: सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं, यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं।

आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना हैद्य भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला, 2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है।

भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है। आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगाद्य वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी हैद्य आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही है। वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है। पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता, यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।



**संजीव स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415**

## चंदौली

### 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज चेयरमैन ने खिलाड़ियों के साथ खेला मैच

**चकिया, चंदौली।** विधानसभा क्षेत्र के गांव रामपुर में दस दिवसीय रामपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि चकिया नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया वही आयोजक समिति हामिद अली द्वारा माला पहनाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया चेयरमैन ने प्रतिभागी टीमों से मुलाकात की और खुद क्रिकेट खेलकर टूर्नामेंट की शुरुआत की खिलाड़ियों से परिचय करने के बाद कहा कि खेल हो या अध्ययन सतत अभ्यास ही सफलता की कुंजी है. जो अच्छा प्रदर्शन करेगा उसे निश्चित रूप से सफलता मिलेगी लेकिन हारने वाली टीम को भी निराश होने की बजाय आगामी प्रतियोगिता की तैयारियों में जुटने की आवश्यकता है शुभम् मोदनवाल ने कहा यह टूर्नामेंट क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए प्रतिभा दिखाने का मंच है युवाओं को बढ़ चढ़ कर खेलकूद की गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए अब खेलों के माध्यम से भी गांव का नाम आगे बढ़ेगा इस दौरान रामपुर प्रधान इंजीनियर अवधेश यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉक्टर कुंदन गोंड, मीडिया प्रभारी शुभम मोदनवाल, राहुल सोनकर, अभिषेक सोनकर, विनीत विश्वकर्मा, हामिद एवं चकिया टीम व रामपुर टीम के खिलाड़ी मौजूद रहे।



### हमारा कर्तव्य है कि आने वाली पीढ़ी को सीढ़ी दिखवाये: रितेश महाराज

**चकिया, चंदौली।** थाना क्षेत्र के खरौझा हिनौती हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान सेवा समिति खरौझा द्वारा आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के सातवें दिन श्रीराम विवाह कि कथा श्रवण कराते हुए राष्ट्रीय संत रितेश जी महाराज ने कहा कि जिसके जीवन से कुंठा मिट जाये वहीं बैकुंठ है। भगवान कहीं भी रहे उन्हें खोजने वाले पहुंच जाते है लेकिन भगवान किसी के हृदय में बैठ जायें तो कोई खोज नहीं सकता। माता गौरी ने भगवान का नाम करूणा निधान रखा था वहीं भगवान राम ने सीता को जानकी नाम से पुकारते थे। रामचरित मानस मे सबसे पहले भगवान राम ने महिला राक्षसी को मारने है जिसका नाम ताड़का था तो हनुमान जी भी रामचरित मानस में सबसे पहले सिहिंका महिला का वध किया। महराज जी ने कहा कि विश्वामित्र जी ने राजा दसरथ से अपने यज्ञ कि रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को मांगते है जिन्हें देने देने से मना कर दिया लेकिन ऋषि के पुन: आग्रह पर वन में यज्ञ की रक्षा के लिए भेज दिया वही भगवान ने यज्ञ पूर्ण कराने के बाद जनकपुर मे महाराज जनक के धनुष यज्ञ को पुर्ण करने के लिए जाते है जहा गुरु को पुजन के लिए पुष्प लेने जनक के फुलवारी में जाते है वहीं उनकी मुलाकात जनक पुत्री सीता माता से होती है जहा वे एक दूसरे को देख कर मंत्र मुग्ध हो जाते है। दूसरी तरफ धनुष यज्ञ में जाते है जहा जनक के पास एक शिव का धनुष था जिसे कोई उठा नहीं सकता था उसे माता सीता ने एक हाथ से उठा कर वहा साफ सफाई कर दिया था तभी महराज जनक ने यह प्रतिज्ञा किया कि जो इस धनुष को जोड़ेगा उसी से सीता का विवाह होगा उस सभा मे बहुत से राजा भट्ट सुभट्ट बैठे थे लेकिन कोई धनुष को हिला भी नही सका वहीं भगवान राम ने धनुष को तोड़कर सीता से विवाह किया। कथा में राम सीता विवाह की आकर्षक क्षाकी निकाली गई थी जहां श्रोताओं ने विवाह का खुब आनंद उठाया और नाचे गाए। कथा में मुख्य रूप से बाबा जागेश्वर नाथ मंदिर के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह,राजन सिंह, श्रीनाथ तिवारी, राम अनुज तिवारी मिश्रा तिवारी राजू विश्वकर्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### श्री राम जियावन दास बावला स्मृति काव्य समारोह संपन्न



**चकिया (चंदौली)।** नगर स्थित ठाकुर बाग परिसर में श्री राम जियावन दास बावला स्मृति काव्य समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कैलाश आचार्य विधायक चकिया, गौरव श्रीवास्तव चेयरमैन चकिया रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में श्री भुल्लन उर्फ भुलक्कड़ मिर्जापुरी को सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया उसके बाद श्री कवि अलियार प्रधान ने वाणी वंदना से काव्य पाठ का शुभारंभ किया। राजेश बेनजीर उहो देश का रहने नेता रहे देश का नाक रहे जानला। बंधु पाल बंधु ने- पूरा पूर्वांचल में डंका बजाए गइलैं, भिषमपुर गांव हमार बावला जी। मनोज द्विवेदी मधुर- एडवोकेट शशि रंजन श्रीकृष्ण, अलियार प्रधान- राजेश विश्वकर्मा राजू ने, जिंनगी बिताई देलै धुर और माटी में, विंध्याचल घाटी के पहचान रहे बावला जी। तेजवली अनपढ़, बोल कोकिल आवाज गुनगुनाने लगे। पुष्प सा रुप बन गमगमाने लगे। राजेश जगरिया- ए कौन गांव में दूषित हवाए लाया। यहां शहर से कोई जरूर तो आया है। आदि कवियों ने काव्य पाठ किया अध्यक्षता संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री बेचई सिंह मालिक व संचालन संस्था के सचिव हरिवंश सिंह बवाल ने किया। कार्यक्रम में विश्वकर्मा उत्थान मंत्र चंदौली के अध्यक्ष श्याम लाल विश्वकर्मा फौजी, जिला अध्यक्ष श्रीकांत विश्वकर्मा, महिला जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा, विजय विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा, बिजेंदर विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, रामप्रवेश विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, रामअवतार विश्वकर्मा श्याम नारायण आचार्य, विष्णु प्रसाद विश्वकर्मा, राज विश्वकर्मा, आदि लोगों उपस्थित रहे।

### चार जिलों में खाद्य सुरक्षा अभियान, 30 दुकानों पर छापे, 6 क्विंटल मिठाई नष्ट

**चंदौली।** वाराणसी मंडल के चार जिलों में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। 23 अप्रैल से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत 30 दुकानों पर छापा मारा गया और मिठाई, खोवा, पनीर व दूध सहित कुल 34 नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए। जांच के दौरान छह क्विंटल से अधिक मिठाई और खोवा को खराब व अस्वास्थ्यकर मानते हुए मौके पर ही नष्ट करवाया गया। नष्ट की गई मिठाइयों की कीमत लगभग 1.11 लाख रुपये आंकी गई है। सहायक आयुक्त खाद्य राजेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक तीन जिलों में अभियान पूरा हो चुका है, जबकि चौथे जिले में कार्रवाई जारी है। संदेहास्पद खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद दोषी दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है, खासकर त्योहारों के समय जब मिलावट की आशंका बढ़ जाती है।

### जेसीबी संचालक और चालक पर हमला, एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा

**सकलडीहा/चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में जेसीबी संचालक और चालक पर जानलेवा हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के तेनुअट गांव की है, जहां बलुआ थाना क्षेत्र के खोनपुर गांव निवासी धनंजय यादव अपनी जेसीबी मशीन से खेत समतलीकरण का कार्य करवा रहे थे। जेसीबी चालक रिंकू सिंह भी मौके पर मौजूद था। मशीन में तकनीकी खराबी आने पर दोनों मरम्मत में जुटे थे कि तभी एक दर्जन से अधिक लोग लोहे की रॉड और डंडों से लैस होकर वहां पहुंचे और उन पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने न केवल धनंजय और रिंकू को बुरी तरह पीटा, बल्कि जेसीबी मशीन का शीशा तोड़ दिया और मौके पर खड़ी एक बाइक को भी नुकसान पहुंचाया। किसी तरह जान बचाकर दोनों पीड़ित सकलडीहा कोतवाली पहुंचे और हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी रघुराज ने बताया कि पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बबुरी को मिला स्वास्थ्य केंद्र, विधायक ने डिप्टी सीएम से की मांग

**मुगलसराय, चंदौली।** मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रमेश जायसवाल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर बबुरी में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र चालू कराने की मांग की। विधायक ने डिप्टी सीएम को सौंपे गए ज्ञापन में अस्पताल के लिए आवश्यक मानव संसाधन और चिकित्सकीय उपकरणों की व्यवस्था शीघ्र कराने का आग्रह किया। बता दें कि बबुरी क्षेत्र में अब तक कोई अस्पताल नहीं था, जिससे ग्रामीणों को इलाज के लिए दूरदराज जाना पड़ता था। कई वर्षों से अधूरे पड़े इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते रोक दिया गया था। कार्यदायी संस्था और ठेकेदार की लापरवाही पर शासन ने सख्त रुख अपनाया था। विधायक जायसवाल ने लगातार शासन स्तर पर पैरवी कर निर्माण कार्य को फिर से शुरू कराया। अब यह भवन तैयार हो चुका है और जनता को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए तैयार है। विधायक ने आशा जताई कि शासन शीघ्र ही स्टाफ और उपकरण मुहैया कराकर अस्पताल को चालू करेगा।



# अखिलेश यादव ने दलितों ही नहीं पिछड़े वर्ग के महापुरुषों का भी अपमान किया-डा. निर्मल



लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दलित महापुरुषों का ही नहीं वरन पिछड़े वर्ग के नायकों का भी अपमान किया है। पता नहीं क्यों समाजवादी पार्टी और उनके नेताओं को दलित और पिछड़ा वर्ग के महापुरुषों से इतनी चिढ़ क्यो है। सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व चेयरमैन उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, डा0 लालजी प्रसाद निर्मल ने सोमवार को वीवीआईपी राज्य अतिथि गृह में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उक्त बातें कहीं। डा0 निर्मल ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि दलितों, वंचितों एवं महिलाओं के शिक्षा के प्रबल पक्षधर ज्योतिबा फूले जो पिछड़े वर्ग के थे के नाम से बने जिले अमरोहा से अखिलेश यादव ने ज्योतिबा फूले का नाम हटा दिया था। इतना ही नहीं छत्रपति साहू जी महाराज जो पिछड़े समाज के थे, जिन्होंने वर्ष 1902 में दलितों पिछड़ों के लिए आरक्षण की शुरूआत की थी, उनके नाम पर बने जिले अमेठी तथा के0जी0 मेडिकल यूनिवर्सिटी से छत्रपति साहू जी महाराज का नाम इसलिए हटाया गया था क्योंकि वे दलितों, पिछड़ों के हितैषी थे। डा0 निर्मल ने कहा कि आंबेडकर की पत्नी के नाम से बने कानपुर देहात जिले से माता रमाबाई का नाम अखिलेश सरकार ने हटा दिया था।डा0 निर्मल ने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल ने डा0 आंबेडकर का अपमान नहीं किया किन्तु सपा प्रमुख अखिलेश यादव लगातार डा0 आंबेडकर का अपमान कर रहे हैं। डा0 आंबेडकर के चित्र में आंबेडकर के चेहरे को काट कर अखिलेश यादव के चेहरे को लगाने के प्रकरण में डा0 निर्मल ने कहा कि किसी कार्यकर्ता पर जिम्मेदारी डालकर अखिलेश यादव इस अपकृत्य से मुक्त नहीं हो सकते। डा0 निर्मल ने कहा कि अखिलेश यादव को जवाब देना होगा कि उन्होंने मेडिकल कालेज, कन्नौज, हरित उद्यान गोमती नगर, अन्तर्राष्ट्रीय बस अड्डा आलमबाग लखनऊ, तारामंडल रामपुर तथा संभल से भीमराव आंबेडकर का नाम क्यों हटाया था तथा सपा के तत्कालीन कैबिनेट मंत्री आजम खां जब गाजियाबाद, हज हाऊस के कार्यक्रम में डा0 आंबेडकर को भू-माफिया बता रहे थे तो वहां उपस्थित अखिलेश यादव, आजम खां के इस भाषण पर ताली क्यों बजा रहे थे।डा0 निर्मल ने सपा सुप्रीमो से यह भी सवाल किया कि समाजवादी पार्टी ने प्रोन्नति में आरक्षण का बिल क्यो फाड़ा। प्रोन्नति में दलितों के आरक्षण से सपा सुप्रीमो को क्या तकलीफ थी। ठेकेदारी में आरक्षण क्यों समाप्त किया, सपा सुप्रीमो यह भी बताएं कि सरकारी जमीन के आवंटन में दलितों की प्राथमिकता क्यों समाप्त की।डा0 निर्मल ने कहा कि डा0 आंबेडकर और आरक्षण दलितों के लिए लाइफ लाइन का काम करते हैं। अखिलेश यादव ने डा0 आंबेडकर का अपमान कर तथा आरक्षण का बिल लोकसभा में फड़वा कर दलितों की जीवन रेखा को अवरूद्ध करने का कृत्य किया है जिसके लिए दलित उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। दलितों की नजर में यह समाजवादी नहीं वरन सामन्तवादी पार्टी है।

# गरीब पात्र को चिन्हित कर राशनकार्ड जारी कर रही योगी सरकार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गरीबों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत योगी सरकार एक-एक पात्र गरीब को चिन्हित कर राशन कार्ड जारी कर रही है। प्रदेश में अंत्योदय कार्ड लाभार्थियों की संख्या 1.29 करोड़ से अधिक है। अब तक प्रदेश में 3.16 करोड़ से अधिक परिवारों के सामान्य राशन कार्ड और 40.73 लाख से अधिक परिवारों के अंत्योदय राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे करीब 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है।लक्ष्य हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचाना है और इसके लिए अभियान चलाकर पात्रता की पहचान की जा रही है।खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त आंकड़े के अनुसार, राशन कार्ड वितरण में प्रयागराज जिला सबसे आगे है। इस जिले में 9,34,677 सामान्य राशन कार्ड और 40,29,226 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर सीतापुर जिला है, जहां 7,74,576 राशन कार्ड और 31,60,253 लाभार्थी हैं। आगरा ने तीसरा स्थान हासिल किया है, यहां 7,38,939 राशन कार्ड बनाए, जिनसे 30,80,875 लाभार्थी जुड़े हैं। चौथे स्थान पर लखनऊ है जहां 7,01,070 राशन कार्ड के जरिए 29,08,145 लाभार्थी जुड़े हैं, जबकि जौनपुर पांचवें स्थान पर है, जहां 6,91,216 राशन कार्ड और 30,56,416 लाभार्थी हैं। छठे स्थान पर गोरखपुर हैं जहां 6,72,749 राशन कार्ड बनाए गए, जिनसे 26,79,692 लोग लाभान्वित हो रहे हैं। सातवें स्थान पर आजमगढ़ है जहां 6,70,679 राशन कार्ड और 30,86,602 लाभार्थी हैं। राशनकार्ड वितरण में बरेली आठवां स्थान हासिल किया है यहां 6,70,677 राशन कार्ड के जरिए 29,19,581 लाभार्थियों के मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। वहीं नौवें स्थान पर सिद्धार्थनगर है यहां 5,89,160 राशन कार्ड और 16,97,709 लाभार्थी हैं, जबकि 10वें स्थान पर लखीमपुर खीरी है जहां 5,86,592 राशन कार्ड और 23,95,374 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। ये आंकड़े योगी सरकार की इस योजना की सफलता को दर्शाते हैं।अंत्योदय राशन कार्ड वितरण में भी कई जिले शीर्ष पर हैं। आंकड़े के अनुसार, गोरखपुर ने अत्यंत गरीबों को चिन्हित कर उनको राशन कार्ड जारी करने में बाजी मारी है। यहां 1,26,392 अंत्योदय राशन कार्ड बनाए, जिनसे 4,56,750 लाभार्थी जुड़े हैं। दूसरे स्थान पर सीतापुर है जहां 1,11,714 अंत्योदय राशन कार्ड और 3,09,470 लाभार्थी हैं। लखीमपुर खीरी ने तीसरा स्थान हासिल किया है जहां 1,09,395 अंत्योदय राशन कार्ड और 2,95,862 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। चौथे स्थान पर आजमगढ़ है यहां 1,05,782 अंत्योदय राशन कार्ड के जरिए 41,4,541 लाभार्थियों को राशन का लाभ मिल रहा है। पांचवें स्थान पर बरेली में 97,996 अंत्योदय राशन कार्ड और 2,97,077 लाभार्थी हैं। छठवें स्थान पर प्रयागराज है जहां 86,613 अंत्योदय राशन कार्ड और 2,61,220 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। सातवें स्थान पर सिद्धार्थनगर है जहां 82,334 अंत्योदय राशन कार्ड और 2,46,418 लाभार्थियों को राशन मिल रहा है। अभी तक के प्राप्त आंकड़े में जौनपुर ने आठवां स्थान हासिल किया है, जिसमें 1,25,472 अंत्योदय राशन कार्ड और 4,14,788 लाभार्थी हैं। नौवें स्थान पर लखनऊ है जहां 48,903 अंत्योदय राशन कार्ड और 1,48,216 लाभार्थी दर्ज हैं वहीं अबतक के आंकड़े के अनुसार, 10वें स्थान पर फिरोजाबाद है 32,231 अंत्योदय राशन कार्ड और 99,599 गरीब लाभार्थी राशन का लाभ रहे हैं। इन जिलों ने अंत्योदय योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया है। अभी राशनकार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है।योगी सरकार ने पात्र गरीबों की पहचान के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। आधार-लिंक्ड सत्यापन और ऑनलाइन आवेदन प्रणाली के जरिए यह प्रक्रिया पारदर्शी बनाई गई है। जिला प्रशासन को नियमित निगरानी और समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी पात्र परिवार राशन से वंचित न रहे। राशन दुकानों को डिजिटल करने और पीओएस मशीनों के उपयोग से वितरण प्रणाली को और मजबूत किया गया है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर महीने पात्र परिवारों को गेहूं, चावल, दाल और अन्य आवश्यक वस्तुएं मुफ्त में मिलें।योगी सरकार की इस पहल से प्रदेश के करीब 15 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। अंत्योदय कार्ड धारकों की संख्या 1.29 करोड़ से अधिक है, जो सबसे गरीब परिवारों को लक्षित करती है। सरकार का मकसद है कि कोई भी जरूरतमंद भूखा न रहे। इस योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में राशन वितरण को प्रभावी बनाया गया है। योगी सरकार की यह कोशिश गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक मिसाल पेश कर रही है।

# पत्नी-बेटियों को बचाने जलती बिल्डिंग में घुसा जूता कारोबारी

कानपुर। कानपुर में बिल्डिंग में आग भड़कने के बाद कारोबारी दानिश बहुत तेजी से बिल्डिंग से बाहर आए। लेकिन, उन्हें भीड़ में पत्नी और तीनों बेटियां नहीं दिखीं। लोग चिल्लाए...वो लोग तो अंदर ही फंसे हैं। इसके बाद दानिश एक बार फिर आग की लपटों के बीच दौड़कर अंदर पहुंचे। लेकिन, तब तक तीसरी मंजिल पर आग बेकाबू हो चुकी थी। बाहर उनके पिता चीख रहे थे, बेटा...वापस लौट आओ। अब वो लोग नहीं बचे, हम बर्बाद हो गए। दानिश के पिता अकील अहमद कहते हैं- आग की लपटों और धुएं के गुबार के बीच से होते हुए दानिश तीसरी मंजिल तक पहुंच गया। इसी बीच तेज धमाके के साथ केमिकल के ड्रम फटे और आग विकराल हो गई। दानिश वहीं पर फंस गया। हम बाहर रो रहे थे, चीख रहे थे। नहीं समझ आ रहा था कि क्या करें? कहां जाएं? अपनी आंखों के सामने हमने अपना बेटा भी खो दिया। इस आग ने हमारा पूरा परिवार खत्म कर दिया। चमनगंज में रविवार रात 8.45 बजे 4 मंजिला बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। इसमें कारोबारी दानिश, उनकी पत्नी नाजनीन और 3 बेटियां जिंदा जल गईं। इस बिल्डिंग के पहले और दूसरे फ्लोर पर जूता-चप्पल बनाने का कारखाना है। तीसरी और चौथी मंजिल पर परिवार के लोग रहते थे। पढ़िए भास्कर रिपोर्टर की आंखों देखी... आगर की खबर मिलते ही हम चमनगंज के प्रेमनगर पहुंचे। बिल्डिंग की पहली और दूसरी मंजिल से आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकल रही थीं। तमाम लोग चीख रहे थे- बचाओ...बचाओ। लेकिन, आग की तपन किसी को करीब नहीं जाने दे रही थी। करीब 4 घंटे तक फायर ब्रिगेड और पुलिस के जवान अंदर दाखिल होने और आग पर काबू पाने के लिए मशक्कत करते रहे। कोई रास्ता नहीं दिखने पर पड़ोस की बिल्डिंग की दीवार तोड़ी गई। वहां से पानी अंदर डाला गया। तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इसके बाद फायर टेंडर के साथ हम भी अंदर दाखिल हुए। इस बिल्डिंग की पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल पर फैक्ट्री थी। जूते बनाए जाते थे। हम इनके बीच से होते हुए हम चौथी मंजिल तक पहुंचे। तकरीबन सारा सामान जल चुका था, दीवार टूटी हुई थी। अलमारी, बेड सब राख हो चुका था, सिर्फ स्ट्रक्चर दिख रहा था। यही जमीन पर एक ढांचा दिखा। पूरी तरह से जल चुकी इस लाश के बगल में एक बच्ची की लाश भी थी, जो शायद अपनी मां से लिपटी रही होगी। सिर्फ इस सीन को देखकर फायर टेंडर के मुंह से निकला, अरे...राम, राम। इन्हें नहीं जलना था। इन लाशों को देखकर सभी परेशान हो गए। इसके बाद करीब 200 मीटर तक हम और अंदर गए। फायर टेंडर लाशों को लेकर बाहर आ रहे थे। हम अंदर वाले कमरे में पहुंचे, यहां पर एक जली हुई तस्वीर दिखी। शायद यह पूरे परिवार की थी। यहां एक ड्रम था, जो फट गया था। केमिकल बिखरा पड़ा था। आशंका है कि केमिकल की वजह से आग ने और विकराल रूप ले लिया। बिल्डिंग के बाहर खड़े लोगों ने बताया- जब आग लगी थी, तब घर के बाहर दानिश के पिता चिल्ला रहे थे। अंदर दानिश अपने परिवार के साथ जिंदगी-मौत की जंग लड़ रहा था। छज्जे के पास वो बाहर आने की कोशिश कर रहा था। लेकिन, आग इतनी तेज थी कि आ नहीं पा रहा था। दानिश के पिता ने अंदर जाने की कोशिश की। लेकिन, पुलिस और मोहल्ले वालों ने उन्हें पकड़ लिया। वो बाहर अपने हाथ-पैर पीट रहे थे। मोहल्ले वाले उनको संभालने में जुटे थे। कहते रहे- मेरी पोती है, मेरे बेटा है। वो मेरे सामने जल रहा है। मैं कुछ नहीं कर पा रहा हूं। ऐसी जिंदगी का क्या मतलब आग लगने के बाद बेसमेंट में रखे गए जूते चिपकाने वाले केमिकल के ड्रम भी चपेट में आ गए। फिर एक के बाद एक 3 ब्लास्ट हुए। इसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया, लपटें चौथे फ्लोर तक उठने लगीं। आग के कारण बिल्डिंग की दीवारों में दरारें भी आ गईं। ये हादसा कानपुर में प्रेमनगर के मकान नंबर-105/733 में हुआ। अकील के बड़े बेटे दानिश का जूते-चप्पल का कारोबार है। 4 मंजिला बिल्डिंग में नीचे कारखाना है। तीसरी मंजिल पर उनके भाई कासिफ अपने परिवार के साथ रहते हैं। आग लगने की घटना के बाद पहुंचे लोगों का कहना था कि घनी आबादी की सकरी गलियों में फैक्ट्री चलाने की परमिशन कौन देता है? ये सब विभाग के अफसरों को क्यों नहीं दिखता इसी में नीचे जूता फैक्ट्री चल रही है और ऊपर परिवार रह रहे हैं। ACP तेज बहादुर सिंह ने बताया- अब आग बुझाई जा चुकी है। अब तक की जानकारी के अनुसार दानिश, उनकी पत्नी और 3 बच्चियों की मौत हुई है। आग के कारणों की एक्सपर्ट टीम जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया- जिस बिल्डिंग में आग लगी थी, उसमें ग्राउंड से लेकर थर्ड फ्लोर तक जूते और केमिकल भरे थे। इस वजह से आग तेजी से फैल गई। चौथी और 5वीं मंजिल पर कुछ परिवार थे, जो वहां पर फंस गए।

# अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



आजमगढ़। आजमगढ़ जिले में अवैध निर्माण को लेकर हाईकोर्ट में 17 लोगों ने याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट में दायर की गई याचिका में इस बात का आरोप लगाया गया था कि गांव के कुछ लोगों द्वारा तालाब को पाटकर अवैध निर्माण कर लिया गया। इस कारण गांव के 17 लोगों के घरों का पानी नहीं निकल पा रहा था और जल जमाव की स्थिति हो गई। इस मामले को लेकर हाईकोर्ट ने आजमगढ़ के डीएम से जवाब मांगा। इसी क्रम में आजमगढ़ के डीएम रविंद्र कुमार नए जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को मुक्त कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में बुलडोजर चला कर इस अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले 145 लोगों को चिन्हित किया गया है। जिन्हें एक सप्ताह के भीतर अवैध कब्जे को खाली करना होगा अन्यथा की स्थिति में ऐसे लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें भू माफिया घोषित किया जाएगा। जिन स्थानों पर कब्जे किए गए हैं। उनमें खलियान पौधा रोपण बंजारा तालाब देवस्थान जंगल रास्ते हैं। जिन पर कब्जे किए गए हैं। आजमगढ़ जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र में शैलेन्द्र प्रजापति पुत्र बालकिशुन पजापति निवासी बेन्दुई सहित गांव के 17 लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कि थी जिसमें गांव के कुछ लोगों द्वारा पोखरी पाट कर अबैध निर्माण कर लेने की बात कही गई थी। शैलेन्द्र प्रजापति व अन्य लोगों के नेतृत्व में तहसील व जिला से कोई हल न निकलने पर शैलेन्द्र प्रजापति सहित 17 पीड़ित हाईकोर्ट पहुंच गए कई साल मामले की सुनवाई चली। कोर्ट से 2022 में बूढ़नपुर तहसील को अबैध कब्जा तत्काल नोटिस जारी कर हटाने का निर्देश दिया। लेकिन तहसील प्रशासन अवैध निर्माण को बचाने में लगा रहा। काफी समय बीतने पर शिकायत कर्ता शैलेन्द्र प्रजापति ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कि मामले में एक सप्ताह पहले हाईकोर्ट के न्यायमुर्ति जेजे मुनीर की कोर्ट ने बूढ़नपुर तहसीलदार को व्यक्तिगत हलफनामें के साथ कोर्ट में तलब किया और जमकर फटकार लगाई मामले में तुरंत कब्जा हटाने का निर्देश दिया। रविवार को बूढ़नपुर तहसीलदार शिवप्रकाश सरोज, राजस्व निरीक्षक राजाराम, लेखपाल नीरज तिवारी, अरविंद तिवारी, अरविंद सोनकर, राकेश यादव,कुनंर राम, मधूराज, थानाध्यक्ष अहरौला अनिल कुमार सिंह सहित कई थाने की पुलिस बुलडोजर के साथ गांव में पहुंची। जिससे गांव मे हड़कंप मच गया। लगभग तीन घंटे से ज्यादा बुलडोजर की कार्रवाई चली। अबैध निर्माण करने वाले श्रीनाथ सिंह, रामअचल प्रजापति, गयादीन प्रजापति, श्रीराम प्रजापति, हरिश्चंद्र व अन्य लोग थे जिनके द्वारा साढ़े सात बिस्वा की पोखरी को पाट कर शौचालय, पशुशाला,स्टोर रूम आदि बना लिया गया था जिसे लोगों के घरों का पानी व वरसात के दिनों में सभी लोगों के घरों में पानी जमा हो जाता था। इस संबंध में तहसीलदार बूढ़नपुर शिवप्रकाश सरोज ने बताया कि छह लोगों द्वारा पोखरी को पाट कर अबैध निर्माण करा लिया गया था जिससे लोगों के घरों का पानी निकसी नहीं हो पा रही थी। मा. हाईकोर्ट के निर्देश पर कब्जा हटाकर गांव के प्रधान जयमंगल यादव को पोखरी खुदवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# हुक्का-पानी और लठ लेकर पहुंचे प्रदेश भर के किसान



लखनऊ। लखनऊ में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से जुड़े किसानों ने तीन जगहों पर विरोध प्रदर्शन किया। लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए किसानों ने गन्ना भुगतान की मांग की। गुस्साए किसानों ने खनन निदेशालय, चकबंदी आयोग और चीनी एवं गन्ना आयुक्त निदेशालय का घेराव किया। किसान हुक्का-पानी, राशन और लठ लेकर पहुंचे। गन्ना संस्थान पर प्रदर्शन कर रहे किसानों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। युवा मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा- यह सरकार किसानों को गुमराह कर रही है। लंबे समय से हम लोगों के भुगतान नहीं हो रहा है। पूरे प्रदेश का किसान नाराज है। चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा- प्रदेश में जितने भी चीनी मिल हैं, उनके भुगतान का कोई अता-पता नहीं है। जब भी भुगतान की बात होती है, तब आयुक्त की तरफ से कहा जाता है इस साल मौका दे दें, अगले साल कर देंगे। उन्होंने कहा- इस वर्ष पुराने कमिश्नर चले गए, नए कमिश्नर आए हैं। नए अधिकारी नया पहाड़ा पढ़ा रहे हैं। कब तक हम लोग पहाड़ा पढ़ते रहेंगे चकबंदी के अंदर भी भ्रष्टाचार है। 60 सालों से अधिक हो गया लोगों को इंसाफ नहीं मिल रहा है। किसानों की जमीनों पर कब्जे हो रहे हैं। चकबंदी विभाग में पहले चोरी होती थी। अब तो डकैती हो रही है। यहां के सभी कर्मचारी प्रॉपर्टी डीलर हो गए हैं। बुंदेलखंड की माइनिंग की बड़ी समस्या है। मुरादाबाद से किसान नेता महेंद्र सिंह रंधावा ने कहा- हम लोग परेशान होकर यहां आए हैं। आज गन्ने की खेती इतनी महंगी हो गई है, मगर कोई पूछने वाला नहीं है। हम नुकसान उठाकर गन्ने की खेती कर रहे हैं। फिर भी हमें पेमेंट नहीं मिल रहा है। सरकार हमें बताएं कि क्या बीमारी में हमारा इलाज मुफ्त हो जाएगा क्या हमारे बच्चे मुफ्त में शिक्षा हासिल कर लेंगे बेटियों की शादी बिना पैसे के हो जाएगी? क्या हमारे कर्ज बैंक माफ कर देगा अगर यह सब कुछ नहीं हो सकता, तो हमारा भुगतान क्यों नहीं मिल रहा है बिना पैसों के हम कैसे अपनी जरूरतें पूरी करें। किसान नेता महेंद्र सिंह रंधावा ने कहा- हम लोग अपने साथ राशन, हुक्का, पानी और मच्छरदानी सब लाए हैं। जब तक मांग पर अंतिम मोहर नहीं लग जाती है, यहां से हिलने वाले नहीं हैं। आवश्यकता पड़ी तो और भी किसानों को लखनऊ बुलाया जाएगा।

# डंपर ने मारी ई-रिक्शा में टक्कर, एक की मौत

गोरखपुर। रविवार की रात डंपर ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे उसपर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, 1 व्यक्ति घायल हो गए। घटना चिलुआताल थाना क्षेत्र के सोनबरसा में हुई। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया है। मृतक की पहचान इसी थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी जवाहरलाल (55) पुत्र रामदेव चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जवाहिर प्रसाद गोरखपुर से ई रिक्शा से घर लौट रहे थे। उनके साथ 1 अन्य लोग भी बैठे थे। वे सोनबरसा गांव के पास पहुंचे ही थे कि मिट्?टी लादकर आ रहे एक डंपर ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में जवाहर का मौके पर ही मौत हो गई। घायल महराजगंज के पनियरा निवासी शेष कपूर पुत्र विक्रम (45) को इलाज के लिए जंगल कौड़िया सीएचसी ले जाया गया। वहां से बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया और डंपर में तोड़फोड़ की। मौके पर 3 डंपर में तोड़फोड़ की गई। कुछ लोगों ने आग लगाने की भी कोशिश की। पुलिस ने समझा-बुझाकर उन्हें शांत कराया। जिस डंपर से दुर्घटना हुई, वह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। काफी देर तक आक्रोशित लोग वहां हंगामा करते रहे। एक डंपर में आग लगाने की कोशिश की गई लेकिन पुलिस ने उसे बचा लिया। लोगों को वहां से हटाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। सीओ कैंपियरगंज गौरव त्रिपाठी ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। ग्रामीणों को समझाकर हटा दिया गया है। तोड़फोड़ और उपद्रव करने वालों को विह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

# तमसा नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

आजमगढ़। आजमगढ़ के जहानागंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के रहने वाले व्यक्ति की तमसा नदी में डूब कर दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब रविवार को वो अपने रिश्तेदार गोलू राजभर के अंतिम संस्कार में शामिल होने आजमगढ़ के राजघाट पहुंचे थे। राजघाट पर अंतिम संस्कार के बाद सभी लोग तमसा नदी में नहाने चले गए। इसी दौरान तमसा नदी में पैर फिसलने से बालचंद राजभर (48) डूबने लगे। पहले तो लोगों को इस बारे में जानकारी ही नहीं मिली। जब वह काफी देर तक नहीं दिखे तो आसपास के लोगों ने नदी में तलाश करना शुरू कर दिया। 3 घंटे की तलाश के बाद बालचंद राजभर की बॉडी नदी से बरामद हुई। इसके बाद यह सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल ली गई। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मामले की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया इस बारे में घाट पर उपस्थित लोगों ने बताया कि गोलू राजभर के अंतिम संस्कार के बाद सभी लोग तमसा नदी में स्नान कर रहे थे। इसी बीच बालचंद राजभर का पैर फिसल गया और वह नदी में डूबने लगे। इस बात की जानकारी भी आसपास के लोगों को उसे समय हुई। जब काफी देर तक बालचंद राजभर कहीं दिखे नहीं। इसके बाद लोगों ने तलाश करना शुरू किया तो 3 घंटे बाद नदी से डेड बॉडी बरामद हुई। इसके बाद इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस डेड बॉडी को लेकर अस्पताल गई जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाली दो अभियुक्ता गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज जमुरी में दूसरे के स्थान पर डीएलएड की परीक्षा देने वाली दो अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में 9 अप्रैल 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज के प्राचार्य अंगद मौर्या ने पुलिस को सूचना दी की विद्यालय में डीएलएड की परीक्षा के दौरान सचल दस्ते के प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जब निरीक्षण किया गया। तब परीक्षार्थी के रूप में रितु चौहान पुत्री मनमोहन चौहान थाना जीयनपुर को पकड़ा गया था। जोकि किरण चौहान पुत्र जयराम चौहान थाना रौनापार के स्थान पर परीक्षा दे रही थी। इस संबंध में मुबारकपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल द्वारा की जा रही थी। इसी क्रम में दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली की ऋतु चौहान और किरण चौहान सठियांव चौराहे के पास हैं। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# बेल्ट से गला घोंटकर युवक की हत्या

लखनऊ । लखनऊ में युवक ने पिता की मौत का बदला लेने के लिए साथियों के साथ मिलकर पहले मजदूर को पीटा। इसके बाद बेल्ट से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। शव को पिता की समाधि पर रखकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिली तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घरवाले रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई। घटना नगराम थाना क्षेत्र के कुबहरा गांव की है। गांव निवासी महेश कुमार (35) अपनी पत्नी सुनीता एवं दिव्यांग बेटे शिवा के साथ रहता था। पत्नी सुनीता ने बताया रविवार की रात करीब 9.00 बजे महेश घर से निकले। देर रात तक वापस नहीं लौटे। सोमवार की सुबह उनकी लाश गांव के बाहर एक खेत में पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। जांच के दौरान पता चला कि बेल्ट से महेश का गला कसा हुआ था। उसके सिर और शरीर के अन्य स्थानों पर चोट के निशान मिले। बड़े भाई तिवारी ने बताया कि तीन साल पहले गांव के ही सहजराम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट लिख महेश एवं उसकी पत्नी सुनीता पर आरोप लगाया था। इसके बाद दोनों जेल भी गए थे। सहजराम का बेटा लवकुश उसी बात को लेकर रंजिश मानता है। लवकुश ने ही पिता की मौत का बदला लेने के लिए साथियों के साथ मिलकर पहले महेश को पीटा। फिर गला कसकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को अपने पिता की समाधि पर रखकर फरार हो गया। जानकारी होने पर एसीपी रजनीश वर्मा एवं थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी पुलिस टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करके साक्ष्य जुटाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।


## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ ख) मुसाफिरखाना महोदय सुलतानपुर

सा वा संख्या - 276/2021

तारीख पेशी 15/05/2025

इंद्रावती - बनाम - बनमाली आदि

बनाम - 1बनमाली सुत अशोक कुमार निवासी ग्राम उरवा पोस्ट मंगौली परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी 2 मेराज अहमद सुत मो नईम निवासी ग्राम पूरे तालेबंद मजरे निसूरा पोस्ट मंगौली परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 15 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त अधिकारी महोदय प्रथम सदर सुलतानपुर

वा संख्या- 2209/2022

तारीख पेशी - 6/05/2025

मो जमाल खां - बनाम - मो दाउद खां आदि

बनाम - 1 मो दाउद खां 2 मो यूनुस खां 3 मो यूसुफ खां 4 गुलाब सेहरा सुतगण समीउल्ला निवासीगण ग्राम गजेहड़ी परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर 5 ग्राम पंचायत देवलपुर द्वारा ग्राम प्रधान देवलपुर जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 06 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ ख) दक्षिणी कक्ष संख्या 25 महोदय सुलतानपुर

सा वा संख्या - 194/2023

तारीख पेशी 31/07/2025

सूर्यभान सिंह - बनाम - नन्द किशोर सिंह आदि

बनाम -1 नन्द किशोर सिंह 2 कृष्ण प्रताप सिंह 3 लवलेश सिंह सुतगण भरतलाल सिंह 4 श्रीमती मंजू देवी पत्नी भरतलाल सिंह निवासीगण ग्राम धारूपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 07 के 31 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ ख) मुसाफिरखाना महोदय सुलतानपुर

प्र वा संख्या - 12/2025(एन आर )

तारीख पेशी - 22/05/2025

राम बहादुर आदि - बनाम - जाय मृतक ननकयऊ

बनाम - जाय मृतक ननकयऊ पत्नी राम बहादुर निवासी ग्राम तेंदुआ परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी

बनाम - हर खास व आम ग्राम तेंदुआ परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 22 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ ख) मुसाफिरखाना महोदय सुलतानपुर

सा वा संख्या - 824/2003

तारीख पेशी 28/05/2025

महेश - बनाम - राम मूरत

बनाम - 1 राकेश त्रिपाठी 2 संतोष त्रिपाठी 3 आनंद त्रिपाठी पुत्रगण स्व शिवसरन 4 शारदा देवी 5 सरिता देवी 6 सरोज देवी 7 कमलेश देवी पुत्रीगण स्व शिवसरन 8 अनुभव त्रिपाठी सुत आनंद त्रिपाठी संरक्षिका पूनम त्रिपाठी माता स्वयं निवासी गण मौजा पूरे भोला तिवारी मजरे मऊ परगना इसौली तहसील बल्दीराय जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 28 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ ख) कक्ष संख्या 35 महोदय सुलतानपुर

सा वा संख्या -242/2023

तारीख पेशी 15/05/2025

प्रेमा देवी - बनाम - त्रिलोकी नाथ आदि

बनाम -1गोर लाल मिश्र पुत्र दुर्गा प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम महारानी पश्चिम परगना चांदा तहसील लंभुआ जिला सुलतानपुर 2 दिनेश सिंह पुत्र शमशेर सिंह निवासी ग्राम रामनगर परगना चांदा तहसील लंभुआ जिला सुलतानपुर 3 रामजी पांडेय पुत्र शिम्भूनाथ निवासी अधियारी परगना चांदा तहसील लंभुआ जिला सुलतानपुर 4 देवनरायन ओझा पुत्र कमला प्रसाद ओझा 5 हरीराम पांडेय पुत्र रामपाल पांडेय निवासीगण ग्राम महारानी पश्चिम परगना चांदा तहसील लंभुआ जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 15 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

## एथलीट स्वर्ण पदक विजेता आंचल ठाकुर की फीस माफ : शाही

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे 22वें अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। इस मौके पर कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही मौजूद रहे। कुलपति ने स्मृति चिह्न व अंगवस्त्रम भेंटकर कृषि मंत्री का स्वागत किया।

कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के अनुरोध पर कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने एथलीट की तीन-तीन स्वर्ण पदक विजेता आंचल ठाकुर की फीस को माफ करने का आदेश दे दिया है। कहा कि इससे खिलाड़ियों के अंदर खेल की भावना जागृत होगी साथ ही साथ खेल को प्रोत्साहन मिलेगा और खिलाड़ी नई ऊंचाईयों की तरफ आगे बढ़ेंगे।




समापन के अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की योगी सरकार खिलाड़ियों के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कहा कि ओलंपिक व एशियाई खेलों में मेडल की संख्या तेजी के साथ बढ़ी है। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को ओलंपिक और एशियाई खेलों के लिए तैयार करना होगा। 2024 के ओलंपिक में भारत ने छह पदक जीते थे लेकिन इसे और बढ़ाने की जरूरत है। मंत्री शाही ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश की योगी सरकार ने 5 करोड़ रुपये की धनराशि और कोच को 50 लाख रुपये दिया। पहले कहा जाता था खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब, लेकिन वह समय अब बीत चुका है। आज के समय में खेलने से आपकी दुनिया में पहचान बनेगी। कृषि विवि में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता कराए जाने पर मंत्री कुलपति व विवि परिवार की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में विवि ने तेजी के साथ विकास किया है। यह देश का पहला कृषि विवि है जिसने नैक में ए प्लस प्लस रैंक हासिल किया है। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि कृषि विवि में 24 राज्यों से 56 कृषि विश्वविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 2000 खिलाड़ी प्रतिभाग किए। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व कृषि मंत्री के दिशा-निर्देशन में खेल आयोजित किया गया। कहा कि खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को अपनी क्षमता का आंकलन होगा और भविष्य में वे और आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विवि में खेलकूद की सभी सुविधाएं मौजूद हैं। कहा कि खेल में जीत-हार होती रहती है, लेकिन खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की जरूरत है। यह खेलकूद प्रतियोगिता छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी, क्रीड़ा प्रभारी अधिकारी डा. संजय पाठक, निर्णायक (लेफ्टि). डा. नवीन कुमार सिंह, खेल सहायक अध्यापक डा. देवनारायण, खेल अध्यापक अभिषेक सिंह के संयोजन में आयोजित किया गया। खेल को संपन्न कराने में मैच निर्णायक, समिति के अध्यक्ष, सदस्य, वालंटियर आदि का अहम योगदान रहा।

### बेस्ट एथलीट में एनडी कृषि का जलवा बेंगलुरु टीम ओवरऑल चैंपियन

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे 22वें अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन महिला व पुरुष वर्ग में 200मी. दौड़ के साथ हुआ। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि का एथलीट में जलवा रहा। विवि की आंचल ठाकुर को तीन स्वर्ण पदक मिलने बेस्ट एथलीट के अवार्ड से नवाजा गया। वहीं दूसरी तरफ इस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में कृषि विवि बेंगलुरु की टीम ओवरऑल चैंपियन रही। टेबल टेनिस का फाइनल मुकाबला कृषि विवि अयोध्या व असाम कृषि विवि जोरहट के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। नरेंद्र देव कृषि विवि की टीम मात्र एक अंक से पराजित होकर उपविजेता रही। जोरहट की टीम 3-2 से टेबल टेनिस जीत गई। टेबल टेनिस महिला वर्ग में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय ने 3 अंक से असाम कृषि विवि जोरहट को पराजित किया। असाम उपविजेता रही।

दूसरी तरफ कबड्डी के फाइनल भिड़ंत में अयोध्या कृषि विवि व महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ राहुरी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस मुकाबले में राहुरी ने 9 अंक से एनडी कृषि अयोध्या को हराया और उपविजेता बनीं। राहुरी को 40 व एनडी कृषि को 31 अंक मिले। बॉस्केटबॉल पुरुष वर्ग में गुरु अंगददेव पशुचिकित्सा विवि लुधियाना ने चौधरी चरण सिंह कृषि विवि को 11 अंकों से पराजित किया। लुधियाना को 48 व हिसार को 37 अंक मिले। हिसार की टीम उपविजेता रही। बास्केटबॉल महिला वर्ग में कृषि विवि बेंगलुरु ने चौधरी चरण सिंह कृषि विवि को 24 अंकों से परास्त किया। बेंगलुरु को 50 व हिसार को 26 अंक मिले। हिसार की टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता में बेंगलुरु कृषि विवि ने महाराणा प्रताप कृषि विवि उदयपुर को पराजित किया। उदयपुर की टीम उपविजेता रही। एथलीट में तीन स्वर्ण पदक पाने के बाद आंचल ठाकुर ने बताया कि यह माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद से संभव हो सका है। विवि में खेलकूद की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। पिछले सात वर्षों में खेल लिए कुलपति ने हर संभव प्रयास किया है। कुलपति का प्रयास है कि विवि के खिलाड़ी ओलंपिक व एशियाई खेलों तक पहुंचे और प्रतिभाग करें। आंचल का कहना है कि कठिन परिश्रम करने से सबकुछ संभव है। खेल प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने के लिए पहले से तैयारी होनी जरूरी है।

# संविदा कर्मचारियों की छंटनी रोकने की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन संविदा संघ ने अपनी मांगों को लेकर विधायक वेदप्रकाश गुप्त व रामचंद्र यादव को ज्ञापन सौंपा। संघ ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की अनावश्यक छंटनी पर तत्काल रोक लगाने, कार्य के अनुरूप अनुबंध कराए जाने तथा न्यूनतम 18,000 रुपये वेतन नियत करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों ने कहा कि लगातार छंटनी और अनुचित वेतन नीतियों के चलते संविदा कर्मियों का भविष्य असुरक्षित हो गया है। विधायक वेदप्रकाश गुप्त ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं कहा कि किसी का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि जिलाधिकारी से मिलकर इस विषय पर विस्तृत वार्ता करेंगे और समाधान का प्रयास किया जाएगा।

# डिजिटल इंडिया अभियान के साथ कदमताल कर रहा अयोध्या मेडिकल कॉलेज

- « अयोध्या मेडिकल कालेज में अब रोगियों की दवा व मेडिकल हिस्ट्री एक क्लिक पर
- « फार्मेसी व एमआरडी मॉड्यूल लागू, दवाओं की खपत की भी मिलेगी जानकारी
- « डाटा सेव करने का कार्य शुरू, सुश्रुत एप से मरीज खुद भी ले सकेगा जानकारी




**अयोध्या।** दर्शननगर में स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के साथ कदमताल कर रहा है। मरीजों के लाभ को प्राथमिकता देते हुए यह संस्थान लगातार नए ऑनलाइन मॉड्यूल लागू कर रहा है। इसी दिशा में कॉलेज प्रशासन ने अब फार्मेसी और मेडिकल रिकॉर्ड डिपार्टमेंट (एमआरडी) मॉड्यूल शुरू कर दिए हैं। इन सुविधाओं से मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी। इनके लागू होने से मरीज एक क्लिक में अपनी मेडिकल हिस्ट्री और इलाज के दौरान दी गई दवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद देश-विदेश में बैठे रामभक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालु व सैलानियों की सेहत का ख्याल रखते हुए योगी सरकार रामनगरी की स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत करने का कार्य कर रहा है।

इसी क्रम में मेडिकल कालेज प्रशासन ने रोगियों के हित को देखते हुए दो मॉड्यूल लागू किये हैं। मेडिकल कॉलेजों में ऑनलाइन सेवाएं हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के माध्यम से संचालित की जाती हैं। फार्मेसी और एमआरडी मॉड्यूल को लागू करने के लिए पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं, जो अब पूरी हो चुकी हैं। एचएमआईएस के इंजीनियर विकास पाठक के मुताबिक फार्मेसी मॉड्यूल के तहत अब दवा काउंटर पर मरीजों के पर्चे का सीआर नंबर सिस्टम में दर्ज किया जा रहा है। पर्चे में लिखी गई दवाओं का विवरण भी सिस्टम में अपलोड होगा। इससे मरीज को सालों बाद भी यह जानकारी मिल सकेगी कि उसे कब, किस डॉक्टर ने कौन-सी दवाएं लिखी थीं। साथ ही दवाओं के दुरुपयोग पर भी अंकुश लगेगा, क्योंकि खपत का पूरा लेखा-जोखा ऑनलाइन रहेगा। एमआरडी मॉड्यूल में मरीज कभी भी अपनी फाइल एक क्लिक में प्राप्त कर सकेंगे। डाटा सेव करने का कार्य किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेजों की ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी के लिए ई-सुश्रुत ऐप उपलब्ध है। इसे डाउनलोड करने के बाद मरीज अपनी निर्धारित दवाओं का विवरण देख सकते हैं। हालांकि, यह सुविधा एमआरडी मॉड्यूल पर लागू नहीं है। एमआरडी से संबंधित जानकारी के लिए मरीज को मेडिकल कॉलेज जाना होगा। पुरानी फाइलें एमआरडी में अपलोड नहीं की जाएंगी। केवल 2025 के बाद की फाइलें ही डिजिटल रूप में अपलोड होंगी। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि रोगियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जा रहा है।अब तक 10 मे से 9 मॉड्यूल लागू किये जा चुके हैं। कालेज की व्यवस्था में जल्द ही और भी बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

# राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान का हुआ शुभारम्भ

## दर्जनों लोगों ने ग्रहण की रालोद की सदस्यता




**अयोध्या।** सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के अवध जोन की संगठनात्मक बैठक एवं सदस्यता अभियान कार्यक्रम प्रेस क्लब में आयोजित हुआ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी व बतौर विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य रामकृष्ण सिंह पटेल एवं राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल व संचालन जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा ने किया। राष्ट्रीय लोकदल में सदस्यता का नवीनीकरण व नये सदस्य बनाने का कार्यक्रम चल रहा जो एक अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। बैठक में अवध जोन में आने वाले सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अयोध्या के रामगुलेला मंदिर व मार्केट के आसपास के सभी मठों मंदिरों एवं मार्केटों से जुड़े बड़ी संख्या व्यापारियों एवं संतों ने स्थानीय समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री स्वतंत्र प्रभार चौधरी जयंत सिंह को संबोधित एक पत्र मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी को सौंपा। श्री निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर कालेज के इंग्लिश प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह ने अपने दर्जनों शिक्षक साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी कहा कि राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के अयोध्या पवित्र धाम से सर्व प्रथम अवध क्षेत्र से संगठनात्मक बैठक की शुरुआत किया है पश्चिम से लेकर पूरव तक पार्टी को मजबूत करने का काम हो रहा है बड़ी बैठक करने के लिए चौधरी रामसिंह पटेल की पीठ थपथपाई।20 पदाधिकारियों की सदस्यता का नवीनीकरण अपने कलम से किया। बैठक मे प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल, प्रदेश महासचिव विश्ववेश नाथ मिश्र, क्षेत्रीय अध्यक्ष संत कबीर नगर विवेक चौधरी, मंडल अध्यक्ष फैजाबाद, सत्रोहन तिवारी,मंडल अध्यक्ष लखनऊ रणविजय मौर्य , क्षेत्रीय अध्यक्ष एसीएसटी प्रकोष्ठ वेचू लाल ज्ञान ,जिला अध्यक्ष अयोध्या बलराम यादव, सुल्तानपुर बिलाल अहमद,बाराबंकी अखिलेश वर्मा, लखनऊ रामसेवक रावत ,हरदोई रामदास दीक्षित, उन्नाव सुभाष यादव, जिला अध्यक्ष अंबेडकर नगर संतोष पटेल, महानगर अध्यक्ष अयोध्या अरविंद सिंह महंत युवा प्रदेश सचिव सुरजीत वर्मा युवा जिला अध्यक्ष अनिल वर्मा, अनिल वर्मा, प्रोफेशनल मंच के जिला अध्यक्ष आशीष सिंह रावत, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष देवी शरण वर्मा, जिला सचिव अजीत वर्मा, राम जियावन वर्मा, अमितपांडे, गंगा राम वर्मा। शाहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित रहे।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान व फलदान




**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा की 55वे जन्मदिन पर भारतीय किसान यूनियन जनपद इकाई अयोध्या द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान तथा फलदान किया गया उक्त अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेंद्र नाथ दुबे पहुंचकर रक्तदाताओं का हौसला अफजाई किया।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने सभी रक्तदाताओं व कार्यकर्ताओ तथा पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए चिकित्सालय प्रशासन को आश्वस्त किया कि बेसहारा लोगों के लिए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता पदाधिकारी रक्तदान के लिए हमेशा तैयार रहेंगे जब भी आवश्यकता हो जिला अध्यक्ष को फोन करने पर बेसहारा लोगों के लिए रक्त उपलब्ध कराया जाएगा।

घनश्याम वर्मा, भागीरथी वर्मा, विकास वर्मा, विवेक पटेल, अमरजीत मौर्य ,अजय यादव, विक्रम मौर्य, विपुल वर्मा ,अभिषेक वर्मा, जितेंद्र कुमार आदि लोगों ने रक्तदान किया। जिला पुरुष चिकित्सालय में 220 बेड तथा तमाम तीमारदारों को फल वितरित किया गया। जिला विकास अधिकारी महेंद्रनाथ दुबे ने रक्तदाताओं व भाकियू कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रक्तदान के लाभ को बताया और पुनीत कार्य के लिए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर को राम गणेश मौर्य जिला अध्यक्ष, शंकरपाल पांडे, भागीरथी वर्मा, रंजीत कोरी जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र कुमार वर्मा, संतोष वर्मा, रविशंकर पांडे ,भोला सिंह टाइगर राजेश मिश्रा रामू चंद्र विश्वकर्मा गब्बर गोस्वामी आदि लोगों ने संबोधित किया।

# प्रतिभागियों ने चित्रों में रंग भरकर आकर्षक स्वरूप दिया




**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग एवं उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में सृजन शीर्षक के अन्तर्गत आयोजित सात दिवसीय चित्रकला कार्यशाला के चैथे दिन सोमवार को छात्र-छात्राओं ने रंगों के मनोविज्ञान को समझते हुए चित्रों में रंग भरने का कार्य किया। कार्यशाला की सह प्रशिक्षका श्रीमती रीमा सिंह ने बताया कि प्रतिभागियों द्वारा प्राथमिक रंगो एवं टेक्सचर से चित्र को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से सांस्कृतिक परम्पराओं को आगे की पीढ़ी तक पहुँचाना है जिससे लोक कलाओं को संरक्षण मिल सके। कार्यशाला की मुख्य प्रशिक्षिका डॉ0 सरिता द्विवेदी ने बताया कि छात्र-छात्राओं में कला के प्रारंभिक एवं आधुनिक स्वरूप तक के सफर से परिचित कराने के साथ जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जा रहा है। वे अपने भाव को चित्रपट पर उतार रहे है। इस कार्यशाला डॉ0 प्रिया कुमारी, डॉ0 अलका श्रीवास्तव सहित अन्य छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

## देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में मजदूर संगठनों की बैठक सम्पन्न

**अयोध्या।** निजीकरण, न्यूनतम वेतन, संविदा, स्कीम वर्कर्स एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित किए जाने तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर 20 मई को होने वाली आम हड़ताल को सफल बनाने की तैयारी को लेकर विभिन्न संगठनों की बैठक एटक कार्यालय पर हुई। बैठक में महान दार्शनिक और समाजवाद के प्रणेता काल मार्क्स के जन्मदिन पर उनको याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई और किसान नेता राकेश टिकैत पर हिंदुत्ववादी संगठनों द्वारा हमला कर अपमानित किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रदेश सचिव अशोक कुमार तिवारी और संचालन खेत मजदूर संगठन के महामंत्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में हड़ताल के मुद्दों को व्यापक रूप से मजदूरों के बीच ले जाने के लिए पर्चा वितरण, बैठकें, संवाद आदि की रणनीति बनाई गई और अन्य मजदूर संगठनों से वार्ता कर हड़ताल में शामिल होने की अपील किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक मया राम वर्मा, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, कमला प्रसाद बागी, मयाराम वर्मा, सूर्यकान्त पाण्डेय, अयोध्या प्रसाद तिवारी, आशीष पटेल, अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अच्छे कार्यों के लिए निर्दल पार्षद सलमान हैदर का हुआ स्वागत



**अयोध्या।** राठहवेली वार्ड की जनता ने अपने वार्ड के पार्षद के अच्छे कार्यों को देखते हुए दो बार से निर्दल पार्षद सलमान हैदर को उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों ,गरीबों की मदद ओर सरकार के द्वारा दिए जा रही सभी योजनाओं का लाभ वार्ड की जनता को दिलाने, ओर सभी के सुख दुख में खड़े होने ,ओर वार्ड का लगातार विकास ओर साफ सफाई की व्यवस्था,हर धर्मों की मस्जिद या मंदिर का सौंदर्यीकरण,ओर छोटे बड़े का सम्मान के लिए स्मृति चिन्ह ओर शाल, माला और बुके से सम्मानित किया गया ,इस मौके पर ताजियादार कमेटी के सचिव मोनू मिर्ज़ा और शहर की अंजुमन के मशहूर साहेबयाज सिब्तेन मेंहदी शावर फैजी कमर फैजी अमन मेहंदी आगा सरदार हुसैन तनवीर वसीम हैदर शमशुल शम्सी तस्लीम कुरैशी ,दीपक कुमार ,दुर्गेश ,आदिल कुरैशी,इस्लाम अली खान ,पंकज यादव,आमिर अली अज्जू,मुख्तार हैदर ,भल्ला घनश्याम गुप्ता,अंकुर ,रोहन मेहरोत्रा, भोलू श्रीवास्तव ,मुजीब आदि सैकड़ों की संख्या में वार्ड के लोग मौजूद रहे सभी लोगों ने एक साथ मिलकर एक नारा सम्मान में दिया गया (सलमान हैदर ,मेरा पार्षद ,मेरा सलमान ,अगले पच्चीस वर्षों तक भी हम सब का पार्षद सलमान।

# तालाबों के सौंदर्यीकरण की दिशा में मण्डलायुक्त की पहल

## अयोध्या के फतेहगंज क्षेत्र में तालाब का किया स्थलीय निरीक्षण



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल द्वारा सोमवार को जनपद के फतेहगंज से चौक की ओर स्थित सुभाष नगर गड़ेरिया क्षेत्र में एक पुराने तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने पाया कि तालाब के समीप कूड़े का ढेर डंप किया जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से असुविधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि तालाब की मूल संरचना व सौंदर्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी अयोध्या को निर्देशित किया कि संबंधित तालाब की शीघ्र पैमाइश कराई जाए तथा यदि तालाब की भूमि पर कहीं भी अतिक्रमण पाया जाए तो विधिक प्रक्रिया के तहत तत्काल अतिक्रमण हटवाया जाए। इसके साथ ही नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि तालाब के समुचित सौंदर्यीकरण, सफाई एवं वृक्षारोपण आदि कार्यों हेतु एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें।

## मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म : आलोक कुमार

**अयोध्या।** मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है और तपती धूप में यात्रियों को ठंडा जल उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है । उक्त विचार अग्रवाल सभा के अध्यक्ष आलोक कुमार अग्रवाल ने स्काउट गाइड संस्था के साथ विगत पांच दिवसों से चल रहे जल सेवा शिविर के प्रथम चरण के समापन के अवसर पर व्यक्त किये। इस मौके पर उनके साथ अग्रवाल सभा के प्रदेश अध्यक्ष उत्तम बंसल एवं स्काउट संस्था के जिला सचिव अनूप मल्होत्रा भी मौजूद रहे।

जल सेवा शिविर के प्रथम चरण में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ,यश विद्या मंदिर, कनोसा कान्वेंट इंटर कॉलेज और कंपोजिट विद्यालय पुलिस लाइन के 43 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिन्हें अतिथियों ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में यह शिविर आगामी 15 मई तक रेलवे स्टेशन पर संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त मुकेश साहू गिरीश चंद्र विकास मौर्य डिंपल साहू,प्रीति जायसवाल, सुप्रिया सिंह, दुर्गेश कुमार, अंश कुमार जायसवाल, एहतिशाम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# रालोद के राष्ट्रीय महासचिव ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**सोहावल-अयोध्या ।** रालोद नेता विश्वेशनाथ मिश्र सुड्डू मिश्रा का पूरा परिवार जन्म से लोकदली है। इनके बड़े भाई स्वर्गीय तारकनाथ मिश्रा स्वयं रालोद के विचारों से प्रेरित थे और बहुत ही सामाजिक और अच्छे व्यक्तित्व के इंसान थे। उक्त विचार राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने आज प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विश्वेष नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने और संचालन राष्ट्रीय लोकदल के विधानसभा अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने किया। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर श्रद्धांजलि देने आए त्यागी ने बताया कि चौधरी जी निधनोंपरान्त नहीं आ पाए थे। इसलिए उन्होंने मुझे श्रद्धा सुमन रालोद के तरफ से देने के लिए भेजा है। त्यागी का इसके पहले रौनाही टोल प्लाजा पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा काफिले के साथ उनका स्वागत किया और झंडा बैनर लगा करके काफिले के साथ उन्हें



श्रद्धांजलि सभा तक ले आये। इस दौरान अयोध्या जनपद की सीमा में घुसने के बाद से लेकर सुडडू मिश्रा के आवास तक दर्जनों जगह पर उनका रालोद कार्यकर्ताओं ने स्वागत भी किया। श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए पूर्व विधायक खब्बू तिवारी ने स्व0 तारकनाथ मिश्रा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की श्री सुडडू मिश्रा का परिवार हमेशा से हमारा परिवार रहा है और सुख दु:ख की हर घड़ी में हम हमेशा इनके साथ रहे हैं। अंत में रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुड्डू मिश्रा ने आए हुए अतिथियों जिसमें राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा, अंबुज पटेल आदि का धन्यवाद ज्ञापित किया। क्षेत्र जेंवार के हजारों लोगों की उपस्थिति को प्रणाम किया और सबका आभार व्यक्त किया। सुचित्तागंज बाजार में हमारे साथी सभासद आशीष श्रीवास्तव विद्यार्थी ने सैकड़ो साथियों के साथ त्यागी का स्वागत किया। श्राद्धांजलि सभा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वरिष्ठ नेता करुणाकर पाण्डेय, देवा इंटर कालेज के प्रबंधक सहदेव उपाध्याय वरिष्ठ नेता रालोद वीरेंद्र मिश्रा, गुड्डू रालोद नेता राजेश तिवारी, युवा नेता रालोद गंगा राम वर्मा, संतोष मिश्रा गुड्डू कुल भूषण मिश्रा, रंजन मिश्रा, दीना नाथ तिवारी, अमर नाथ पाण्डेय, वेद व्यास मिश्रा, मदन पाण्डेय, मुन्ना मिश्रा, मकबूल खान, निक्की निषाद, राकेश यादव, राम गैर पासी, लल्लू लाल, सीताराम पासी, वीरेश मिश्रा, राकेश मिश्रा, जगदीश मिश्रा, पिंटू तिवारी, ध्रुव बढ़ई, काशी पाण्डेय, बद्रीनाथ मिश्रा, अतुल पाण्डेय, अनिल पाण्डेय मसौधा, सत्य प्रकाश द्विवेदी आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कांस्टेबल ने पेश की मानवता की मिसाल



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर ।** जनपद अंबेडकर नगर के अकबरपुर कोतवाली में तैनात सिपाही सोनू यादव द्वारामंदबुद्धि टाइप का व्यक्ति है जो नंगे शहजादपुर में घूम रहा था मेरी नजर पड़ी उसके ऊपर तो रात करीब 9 बजे उसका बाल बनाया स्वयं कांस्टेबल सोनू यादव ने और नहलाया और नया कपड़ा पहनाया और खाना भी खिलाया अच्छा काम कर रहे हैं कांस्टेबल सोनू यादव जनपद अंबेडकर नगर पुलिस का नाम रोशन कर रहे हैं।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा सही नाम मोहम्मद वकील पुत्र मोहम्मद इब्राहिम है आधार कार्ड में भी यही है और इसी नाम से जाना पहचाना जाता है परन्तु मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश गलत नाम मोहम्मद वकील अंसारी और पिता का गलत नाम मोहम्मद इब्राहिम अंसारी छप गया है जिसे संशोधन करके मेरा सही नाम मोहम्मद वकील व पिता का सही नाम मोहम्मद इब्राहिम किया जाना न्याय संगत है।

**सूचनाकर्ता- मोहम्मद वकील पुत्र मोहम्मद इब्राहिम निवासी हथिनाराज इंदईपुर जिला अंबेडकरनगर।**